ज्ञानामृत

कभी भी घृणा को घृणा से
खत्म नहीं किया जा सकता
घृणा प्यार से कम होती है.
यह एक अटल नियम है।
गौतम बुद्ध

राष्ट्र को समर्पित

# विजय मत

मप्र और छत्तीसगढ़ से एक साथ प्रकाशित

www.vijaymat.com | रायपुर, शनिवार, 5 अप्रैल 2025 | वर्ष- 08 | अंक- 90 | पेज- 08 | मूल्य- ₹ 2.00/-

अभिनंदन...




**विजय मत, रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का शुक्रवार शाम रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल पहुंचने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आत्मीय स्वागत किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का उपमुख्यमंत्री अरुण साव, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक पुरंदर मिश्रा, विधायक अनुज शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

### सीएम विष्णुदेव साय बोलेः जनता से सीधा संवाद कर बनाएंगे सुशासन की नई पहचान

# सुशासन तिहार-2025 पारदर्शिता, समाधान और जनसंवाद का त्योहार

**विजय मत, रायपुर**

छत्तीसगढ़ सरकार अब सुशासन को धरातल तक पहुँचाने और आम जनता की भागीदारी से शासन को अधिक जवाबदेह व प्रभावी बनाने के लिए एक विशेष पहल करने जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों को पत्र जारी कर सुशासन तिहार-2025 के आयोजन के निर्देश दिए हैं। यह तिहार तीन चरणों में संपन्न होगा, जिसका उद्देश्य जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा, विकास कार्यों की गति में तेजी और शासन तथा जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। मुख्यमंत्री साय ने जानकारी दी कि यह आयोजन तीन चरणों में किया जाएगा। पहला चरण 8 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक चलेगा, जिसमें ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। इसके लिए समाधान पेटियां लगाई जाएंगी और कॉमन सर्विस सेंटरों एवं ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भी आवेदन जमा करने की सुविधा दी जाएगी। दूसरे चरण में, प्राप्त आवेदनों का लगभग एक महीने के भीतर निराकरण किया जाएगा। इसके लिए पोर्टल पर प्रत्येक आवेदन को एक कोड से रजिस्टर किया जाएगा और संबंधित विभागों को निराकरण हेतु भेजा जाएगा। तीसरे और अंतिम चरण में 5 मई से 31 मई 2025 के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में आवेदकों को उनके आवेदनों की स्थिति की जानकारी दी जाएगी और मौके पर ही समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। शेष मामलों को एक माह के भीतर निपटाकर आवेदकों को सूचित किया जाएगा।



"छत्तीसगढ़ में सुशासन केवल नारा नहीं, हमारी प्राथमिकता है। सुशासन तिहार-2025 के माध्यम से हम शासन को जनता के और करीब ला रहे हैं। इसका उद्देश्य है- पारदर्शिता, संवाद और समाधान को एक प्रक्रिया में पिरोकर जनविश्वास को और मजबूत करना। हम चाहते हैं कि राज्य के हर नागरिक को यह भरोसा हो कि उनकी बात सुनी जा रही है, उनकी समस्याओं का समाधान हो रहा है और योजनाओं का लाभ सही व्यक्ति तक पहुँच रहा है। मैं स्वयं, मेरे मंत्रीगण, मुख्य सचिव और शासन के वरिष्ठ अधिकारी इस तिहार में भाग लेंगे और जनता से सीधे संवाद करेंगे। हमारा लक्ष्य है- हर जिले, हर पंचायत, हर व्यक्ति तक सुशासन की पहुँच सुनिश्चित करना। मैंने सभी कलेक्टरों को निर्देशित किया है कि वे इस अभियान को जनांदोलन बनाएं। उनकी नेतृत्व क्षमता और समर्पण ही इस तिहार को एक नई पहचान देगा।"

■ **विष्णु देव साय, मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़**

**सभी विभागों की होगी भागीदारी...** समाधान शिविरों में सभी प्रमुख विभाग जैसे राजस्व, पंचायत, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक कल्याण, बिजली, जल, सड़क आदि के अधिकारी मौजूद रहेंगे। शिविरों में योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी और नए आवेदन लिए जाएंगे। प्रत्येक शिविर के संचालन हेतु खंड स्तर के अधिकारियों को प्रभारी नियुक्त किया जाएगा। नगरीय निकायों में भी इसी तरह की व्यवस्था की जाएगी।

**विकास कार्यों का होगा औचक निरीक्षण...** मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि "सुशासन तिहार" के दौरान विभिन्न विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का औचक निरीक्षण भी किया जाएगा। जनता से योजनाओं के लाभ के बारे में सीधा फीडबैक लिया जाएगा, ताकि भविष्य की योजनाएं और भी जनोपयोगी बन सकें।

**पारदर्शिता और जवाबदेही पर जोर...** मुख्यमंत्री साय ने स्पष्ट किया कि उनकी सरकार शासन-प्रशासन को पारदर्शी, प्रभावी और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने वाला बनाना चाहती है। "सुशासन तिहार" इसके लिए एक मजबूत माध्यम बनेगा। इसमें सूचना प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग किया जाएगा—आवेदन प्राप्त करने, उनकी प्रविष्टि, मॉनिटरिंग और समाधान की प्रि या तक। हर आवेदन को ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा, जिसमें फॉलोअप की व्यवस्था भी होगी। आवश्यकता अनुसार अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर जनता को आवेदन लिखने में सहायता दी जाएगी। साथ ही विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों को इस मुहिम में शामिल किया जाएगा।

## न्यूज इन शॉर्ट

### सावधान... व्हाट्सएप पर भेजी गई फोटो बनी ठगी का ज़रिया, खाते से उड़ाए दो लाख दस हजार रुपये

**विजय मत, ब्यूरो जबलपुर।** तकनीक जितनी सुविधा देती है, उतना ही बड़ा खतरा भी बन सकती है खासकर जब सावधानी न बरती जाए। मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसमें एक व्हाट्सएप फोटो डाउनलोड करना लाखों रुपये की ठगी का कारण बन गया। इस हाईटेक साइबर ठगी का शिकार हुए व्यक्ति के खाते से दो लाख दस हजार रुपये गायब हो गए। घटना जबलपुर के शिव नगर इलाके की है, जहां स्टेशनरी का व्यवसाय करने वाले प्रदीप कुमार नामक व्यापारी को सुबह 28 मार्च को एक अनजान नंबर से व्हाट्सएप पर कॉल आया। कॉल करने वाले ने उन्हें बताया कि उनके व्हाट्सएप पर एक फोटो भेजा गया है और पूछा 'क्या आप इसे पहचानते हैं?' प्रदीप ने जब उस तस्वीर को देखा, तो वह किसी बुजुर्ग व्यक्ति की थी, जिसे वे नहीं पहचानते थे। फोटो डाउनलोड करने के कुछ देर बाद, उसी नंबर से दोबारा कॉल आया। शुरुआत में प्रदीप ने कॉल रिसीव नहीं किया, लेकिन लगातार कॉल आने पर उन्होंने कॉल उठाया और जवाब दिया कि वह व्यक्ति उन्हें नहीं पहचानते। कॉल काटने के कुछ ही मिनटों बाद उनके मोबाइल पर एक रुपये जमा होने का मैसेज आया, और फिर दो त्वरित ट्रांजेक्शन के जरिए एक लाख और फिर एक लाख दस हजार रुपये निकाले जाने के संदेश भी आ गए।


### उमरिया में धान उपार्जन एवं परिवहन घोटाले की जांच तेज, कलेक्टर ने गठित की समिति

**विजय मत, ब्यूरो उमरिया।** मध्य प्रदेश के आठ जिलों में सामने आए 150 करोड़ से अधिक के धान उपार्जन और परिवहन घोटाले की आंच अब उमरिया जिले तक पहुंच गई है। इस मामले की विस्तृत जांच के लिए कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने एक विशेष समिति का गठन किया है। इस समिति की अध्यक्षता संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया करेंगी, जबकि सहायक आयुक्त सहकारिता, महाप्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, जिला प्रबंधक एमपी स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन और जिला प्रबंधक एमपी वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉरपोरेशन को समिति का सदस्य बनाया गया है। मध्य प्रदेश में धान खरीदी और मिलिंग में अब तक 150 करोड़ रुपये से अधिक का घोटाला सामने आ चुका है। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) द्वारा की जा रही जांच में यह तथ्य सामने आया कि यह घोटाला नया नहीं है, बल्कि वर्षों से चला आ रहा है। अब तक 60 हजार क्विंटल धान की हेराफेरी उजागर हो चुकी है।




### टैरिफ की आंच से सहमा बाजार: सेंसेक्स 931 अंक गिरा, निफ्टी 23000 से फिसला

**मुंबई, एजेंसी।** वैश्विक व्यापार युद्ध की बढ़ती आशंकाओं के बीच शुक्रवार को भारतीय शेयर सूचकांक सेंसेक्स 900 अंक से अधिक टूटकर 76,000 के स्तर से नीचे आ गया। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 930.67 अंक या 1.22% गिरकर 75,364.69 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,054.81 अंक या 1.38 प्रतिशत गिरकर 75,240.55 अंक के निचले स्तर पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 345.65 अंक या 1.49 प्रतिशत गिरकर 22,904.45 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान 50 शेयरों वाला बेंचमार्क इंडेक्स 382.2 अंक या 1.64% गिरकर 22,867.90 पर बंद हुआ। जानकारों के अनुसार, कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट और बाजार में बड़ी हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज, लार्सन एंड टूब्रो और इंफोसिस जैसी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से निराशा और बढ़ गई। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में सबसे ज्यादा नुकसान टाटा स्टील को हुआ, जिसमें 8.59 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके बाद टाटा मोटर्स, लार्सन एंड टूब्रो, अदाणी पोर्ट्स के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट रही।



### रामानुजगंज नपा का ऐलानः हर बेटी की शादी में मिलेंगे 5100 रुपए

**विजय मत, ब्यूरो रामानुजगंज।** नगर पालिका परिषद रामानुजगंज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रमन अग्रवाल, उपाध्यक्ष शीला जायसवाल सहित 15 पार्षदों के द्वारा नगर पालिका में प्रथम प्रवेश किया गया। इसके बाद ही तत्काल रमन अग्रवाल ने यह घोषणा की कि रामानुजगंज नगरी निकाय अंतर्गत प्रत्येक जाति, धर्म, संप्रदाय के बहन-बेटी की शादी में नगर पालिका परिवार के द्वारा 5100 रुपये का आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाएगा।

**मुलाकात में यूनुस को पीएम मोदी की दो टूक**

## 'बांग्लादेश में न हो हिंदुओं पर अत्याचार'

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मुहम्मद यूनुस के साथ बैठक में वहां हिंदुओं सहित अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर भारत की चिंताओं को रेखांकित किया। मोदी ने साथ ही उम्मीद जताई कि बांग्लादेशी सरकार अल्पसंख्यकों के खिलाफ अत्याचार के मामलों की गहन जांच सहित उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। दोनों नेताओं ने बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) समूह के नेताओं की शिखर बैठक से इतर यह मुलाकात की। पिछले वर्ष अगस्त में बांग्लादेश की तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपदस्थ किये जाने के बाद प्रधानमंत्री मोदी की बांग्लादेश के शीर्ष नेतृत्व से यह पहली मुलाकात थी। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने यूनुस-मोदी की बैठक के बारे में बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने बांग्लादेश में हिंदुओं सहित अल्पसंख्यकों की सुरक्षा से संबंधित भारत की चिंताओं को रेखांकित किया। मिस्री ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने उम्मीद जताई कि बांग्लादेश सरकार अल्पसंख्यकों के खिलाफ अत्याचार के सभी मामलों की गहन जांच सहित उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।



**राजनांदगांव से दुर्ग के बीच सफर के दौरान हुई वारदात**

## शिवनाथ एक्सप्रेस में महिला से 55 लाख की चोरी, जेवरात और नकदी से भरा बैग हुआ गायब

**विजय मत, ब्यूरो दुर्ग**

राजनांदगांव से दुर्ग के बीच चल रही शिवनाथ एक्सप्रेस (18240) ट्रेन में एक महिला यात्री से करीब 55 लाख रुपए की चोरी की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। महिला के अनुसार, चोरों ने उनके बैग से लाखों रुपए मूल्य के जेवरात और नकदी पार कर दी। घटना 4 अप्रैल की सुबह लगभग 4 बजे हुई, जब ट्रेन दुर्ग की ओर जा रही थी। चोरी की शिकार हुई महिला की पहचान हिना दिनेश भाई पटेल के रूप में हुई है, जो महाराष्ट्र के गोंदिया की रहने वाली हैं और कारोबारी हैं। उन्होंने अपने पति के साथ एसी कोच एच1 की सीट नंबर 19 और 21 पर यात्रा कर रही थीं। महिला के अनुसार, उन्होंने आखिरी बार अपना बैग डोंगरगढ़ स्टेशन के पास देखा था। जब दुर्ग स्टेशन पहुंची तो बैग गायब था।

**ये हुआ चोरी**

**एक हीरा जड़ित हार:** मूल्य: 15 लाख रुपए
**दूसरा भारी हार:** मूल्य: 35 लाख रुपए
**हीरे की अंगूठी:** अनुमानित मूल्य: 4.5 लाख मूल्य
**नकद:** 45,000/-

### आरपीएफ-जीआरपी को दी गई सूचना

घटना के तुरंत बाद महिला ने रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स (आरपीएफ) को मामले की जानकारी दी। ट्रेन के दुर्ग स्टेशन पहुंचने पर उन्होंने जीआरपी थाने में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई।

### आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। अधिकारी सीसीटीवी फुटेज खंगालने और सहयात्रियों से पूछताछ के माध्यम से चोर की पहचान करने में लगे हुए हैं। पुलिस का कहना है कि घटना को गंभीरता से लिया गया है और जल्दी ही आरोपी की गिरफ्तारी की उम्मीद है। इस बड़ी चोरी की घटना से ट्रेन सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। यात्रियों को सफर के दौरान कीमती सामानों को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है।

### एक्टर-डायरेक्टर मनोज कुमार का 87 की उम्र में निधन

**मुंबई, एजेंसी।** एक्टर मनोज कुमार का शुक्रवार सुबह मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में निधन हो गया। वे 87 साल के थे। वे विशेष रूप से अपनी देशभक्ति फिल्मों के लिए जाने जाते थे। उन्हें भारत कुमार के नाम से भी जाना जाता था। उपकार, पूरब-पश्चिम, क्रांति, रोटी-कपड़ा और मकान उनकी बेहद कामयाब फिल्में रहीं। मनोज कुमार के बेटे कुणाल गोस्वामी ने बताया, उन्हें लंबे समय से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां थीं। यह भगवान की कृपा है कि उन्हें आखिरी समय में ज्यादा परेशानी नहीं हुई, शांतिपूर्वक उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया।




## नाबालिग से धर्म परिवर्तन के प्रयास में होम्योपैथिक डॉक्टर गिरफ्तार

**जबलपुर में किशोरी को मानसिक रूप से प्रभावित करने के आरोप में क्रेशर बस्ती का डॉक्टर खालिद खान हिरासत में**

**विजय मत, ब्यूरो जबलपुर**

जबलपुर शहर में धर्म परिवर्तन को लेकर एक संवेदनशील मामला सामने आया है, जहां एक नाबालिग लड़की को इस्लाम धर्म अपनाने के लिए मानसिक रूप से प्रभावित करने के आरोप में एक होम्योपैथिक डॉक्टर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान खालिद खान के रूप में हुई है, जो क्रेशर बस्ती इलाके में क्लिनिक संचालित करता है। परिजनों के मुताबिक, किशोरी की धार्मिक सोच में बीते कुछ महीनों में बदलाव देखने को मिल रहा था। वह धीरे-धीरे अपने पारंपरिक धार्मिक रीति-रिवाजों से दूर हो रही थी और रोजा रखने लगी थी। जब परिजनों ने उससे इस बदलाव के बारे में पूछा, तो उसने बातचीत में डॉक्टर खालिद खान का नाम लिया। परिजनों ने इस पर संदेह जताते हुए गुरुवार को तिलवारा थाने में शिकायत दर्ज कराई।



एआई द्वारा निर्मित कार्टून

### इलाज के बहाने बना संपर्क

पुलिस जांच में सामने आया है कि अगस्त 2024 में खालिद खान की मुलाकात एक बीमार नाबालिग लड़की से उसके इलाज के दौरान हुई थी। इलाज के दौरान डॉक्टर ने दवा देने के बहाने किशोरी से उसका मोबाइल नंबर लिया और फिर नियमित रूप से उससे फोन पर बातचीत करने लगा। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर ने किशोरी को धर्म परिवर्तन के लिए मानसिक रूप से प्रभावित करना शुरू कर दिया था।

### हिंदूवादी संगठनों का प्रदर्शन

घटना की जानकारी सामने आने के बाद शुक्रवार को हिंदूवादी संगठनों ने तिलवारा थाने पहुंचकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की और नारेबाजी की। पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया और कहा कि मामला गंभीर है और हर पहलू से जांच की जा रही है।

### पुलिस कर रही गहन जांच

तिलवारा थाना पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। साथ ही किशोरी का बयान दर्ज कर कानूनी प्रि या आगे बढ़ाई जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि कहीं इस मामले में कोई बड़ा नेटवर्क या साजिश तो नहीं जुड़ी है।

## केंद्रीय कैबिनेटः छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और ओडिशा में 18 हजार करोड़ की रेलवे परियोजनाओं मंजूर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय रेल और सूचना-प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने केंद्रीय कैबिनेट में हुए फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रेल मंत्रालय की 4 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इनकी कुल लागत 18,658 करोड़ रुपये है। महाराष्ट्र, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के 15 जिलों को कवर करने वाली परियोजनाओं से भारतीय रेलवे का मौजूदा नेटवर्क करीब 1247 किलोमीटर बढ़ जाएगा। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने बताया कि परियोजनाओं में संबलपुर-जरापदा तीसरी और चौथी लाइन, झारसुगुड़ा-सासन तीसरी और चौथी लाइन, खरसिया-नया रायपुर-परमलकासा पांचवीं व छठी लाइन और गोंदिया-बल्हारशाह दोहरीकरण शामिल हैं। मंत्री वैष्णव ने बताया कि रेलवे लाइन विस्तार से गतिशीलता में सुधार होगा।



## नारायणपुर में IED ब्लास्ट, 1 की मौत

**विजय मत, ब्यूरो नारायणपुर**

जिले में नक्सलियों की लगाई ढ्ढश्वष्ठ की चपेट में आने से एक ग्रामीण की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। दोनों ग्रामीण जंगल से झाड़ू बनाने के लिए झाड़ियां लेने के लिए गए हुए थे। जहां नक्सलियों ने जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए पहले से ही बम प्लांट कर रखा था। जिसकी चपेट में दोनों ग्रामीण आ गए। मामला ओरछा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, कानागांव के रहने वाले राजेश उसेंडी और रामलाल कोर्राम जड्डा-मरकूर के जंगल में झाड़ू बनाने के लिए झाड़ियां लेने के लिए गए हुए थे। यहां नक्सलियों ने पगडंडी रास्ते में पहले से ही ढ्ढश्वष्ठ दबाकर रखी हुई थी। लौटते वक्त राजेश का पैर प्रेशर ढ्ढश्वष्ठ पर आ गया, जिससे जोरदार धमाका हुआ। ढ्ढश्वष्ठ की चपेट में आने से राजेश के दोनों पैर के चिथड़े उड़ गए। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।


**विजय मत एंकर** गूगल प्ले स्टोर के अलावा किसी और प्लेटफॉर्म से ऐप डाउनलोड करने पर मालवेयर अटैक का शिकार हो सकता स्मार्टफोन

## चेतावनी : थर्ड पार्टी एप से डाटा चोरी के साथ आर्थिक नुकसान भी संभव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

गूगल की सख्त सिक्योरिटी के बावजूद कई बार खतरनाक ऐप्स प्ले स्टोर पर भी पहुंच जाती हैं। लेकिन जैसे ही इनकी जानकारी मिलती है, उन्हें तुरंत हटा दिया जाता है। अगर आप भी अपने फोन में थर्ड-पार्टी ऐप्स डाउनलोड करते हैं, तो यह खबर आपके लिए बेहद जरूरी है।

गूगल ने एंड्रॉइड यूजर्स को चेतावनी दी है कि अगर वे गूगल प्ले स्टोर के अलावा किसी और प्लेटफॉर्म से ऐप डाउनलोड करते हैं, तो उनका स्मार्टफोन मालवेयर अटैक का शिकार हो सकता है। इससे न केवल आपका डेटा चोरी हो सकता है, बल्कि आपको आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ सकता है।




गूगल के एंड्रॉयड डेवलपर्स ब्लॉग में बताया गया है कि प्ले स्टोर के बाहर से डाउनलोड किए गए ऐप्स में मालवेयर होने की संभावना 50 गुना ज्यादा होती है। यही कारण है कि कंपनी ने 2023 में करीब 23 लाख संदिग्ध ऐप्स को गूगल प्ले स्टोर पर आने से रोक दिया। हालांकि, गूगल की सख्त सिक्योरिटी के बावजूद कई बार खतरनाक ऐप्स प्ले स्टोर पर भी पहुंच जाती हैं। लेकिन जैसे ही इनकी जानकारी मिलती है, उन्हें तुरंत हटा दिया जाता है।

### 300 से ज्यादा खतरनाक ऐप्स हटाई

हाल ही में गूगल ने 300 से अधिक ऐसी ऐप्स को बैन किया, जो एंड्राइड 13 के सिक्योरिटी फीचर्स को बायपास कर रही थीं। इन ऐप्स को अब तक 6 करोड़ से ज्यादा बार डाउनलोड किया जा चुका था। ये ऐप्स यूजर्स से निजी जानकारी चुराने के लिए फर्जी एड दिखाती थीं और फिशिंग अटैक के जरिए क्रेडिट कार्ड की डिटेल्स चुराने की कोशिश कर रही थीं। गूगल ने कहा है कि वह प्ले स्टोर पर फर्जी और खतरनाक ऐप्स को आने से रोकने के लिए नए कदम उठा रहा है। अब कंपनी प्ले प्रोडक्ट लाइव थ्रेट डिटेक्शन को और मजबूत कर रही है, जिससे हैकर्स के लिए नकली ऐप्स बनाना और उन्हें प्ले स्टोर पर लिस्ट करना मुश्किल हो जाएगा।

### संसद का बजट सत्र संपन्न, दोनों सदन अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद का बजट सत्र जो 31 जनवरी 2025 को शुरू हुआ था, शुक्रवार को आधिकारिक रूप से समाप्त हो गया। इसके साथ ही राज्यसभा और लोकसभा, दोनों सदनों को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। अब अगला सत्र मानसून सत्र के रूप में आयोजित किया जाएगा, जिसकी तारीखें बाद में घोषित की जाएंगी। वहीं राज्यसभा के अध्यक्ष और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सदन के 267वें सत्र के समापन पर सभी सदस्यों को उनके सक्रिय योगदान के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि इस सत्र में राज्यसभा कुल 159 घंटे चली, जिसकी उत्पादकता 119 प्रतिशत रही। इस दौरान, राज्यसभा ने सबसे लंबी बैठक 3 अप्रैल को सुबह 11 बजे शुरू की, जो लगातार 17 घंटे चली और 4 अप्रैल को सुबह 4:02 बजे समाप्त हुई।

## न्यूज इन शॉर्ट



### मुख्यमंत्री साय से निगम तथा मंडल के नव नियुक्त अध्यक्षों ने की मुलाकात

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में विभिन्न मंडल एवं निगमों के नव नियुक्त अध्यक्षों ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री साय ने उन्हें उनके नवीन दायित्व के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) अध्यक्ष श्री भूपेंद्र सवन्नी, छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन (नागरिक आपूर्ति) अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम अध्यक्ष सौरभ सिंह, छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विस कार्पोरेशन लिमिटेड अध्यक्ष श्री दीपक महस्के एवं छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष श्री अनुराग सिंह देव उपस्थित थे।

### प्राइवेट कंपनी ने प्रोफेसर से ठगे लाखों रुपए, अपराध दर्ज

रायपुर। रायपुर की प्राइवेट कंपनी की एक स्कीम के लालच में असिस्टेंट प्रोफेसर समेत 140 लोग फंस गए हैं। कंपनी ने बिना बैंक जाए घर बैठे असिस्टेंट प्रोफेसर को 5 अलग-अलग बैंकों से 72 लाख रुपए का लोन दिलवाया। फिर उन्हें एक इन्वेस्टमेंट स्कीम का झांसा देकर आधे पैसे वापस ले लिए। वादा किया कि लोन की किस्तें अब कंपनी चुकाएगी। लेकिन कंपनी ने धोखा दे दिया। इस मामले में अब कोतवाली थाना में शिकायत दर्ज हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, त्रिभुवन सिंह ने बताया कि वह शासकीय आयुर्वेदिक कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर है। मार्च 2024 में उनके पास एक अनजान नंबर से फोन आया। जिसमें कॉलर ने कहा कि क्या आपको लोन की जरूरत है? हमारी कंपनी लोन दिलाती है। फिर उन्हें आरवी ग्रुप स्पाश एडवाइजर प्राइवेट लिमिटेड छोटापारा का पता दिया गया। वहां मौजूद ऑफिस स्टाफ ने लोन के संबंध में बातचीत की। जब त्रिभुवन ने कहा कि उनके सिविल स्कोर की जांच की जाए। तो स्टाफ ने कहा कि आपको कंपनी की गारंटी पर लोन मिल जाएगा। आपको केवल डॉक्यूमेंट देने होंगे। लोन लेने के लिए बैंक भी नहीं जाना पड़ेगा। इसके बाद कंपनी के एक पार्टनर अभय गुप्ता ने पर्सनल लोन के नाम पर 5 अलग-अलग बैंकों चोलामंडलम से 12 लाख, इंडसइंड बैंक से 15 लाख, यस बैंक से 15 लाख, 15 लाख और आदित्य बिरला बैंक से 15 लाख कुल करीब 72 लाख रुपए लोन दिलवाएं।

### शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने वालों को किया गया गिरफ्तार

रायपुर। पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा द्वारा रेंज साइबर थाना रेंज रायपुर की टीम को साइबर अपराधों में तकनीकी साक्ष्य एकत्र कर आरोपियों को गिरफ्तार करने के संबंध में निर्देश दिया गया है। इसी कड़ी में प्रार्थी उमाकांत वर्मा रायपुर ने शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने के नाम से उनसे 50 लाख रुपए की ठगी होने की रिपोर्ट थाना गुढियारी में दर्ज कराई थी, जिस रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 17/25 धारा 318(4),111,3(5) बीएनएस पंजीबद्ध किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए उक्त अपराध की विवेचना रेंज साइबर थाना, रेंज रायपुर को सौंपी गई थी। प्राप्त निदेर्शानुसार कार्यवाही करते हुए विवेचना क्रम में आरोपियों द्वारा उपयोग किए जा रहे बैंक खातों एवं मोबाइल नंबरों की जानकारी प्राप्त की गई। गोपाल अग्रवाल द्वारा पता बदल कर फर्जी कम्पनी बनाकर विभिन्न बैंकों में खाता खुलवाकर अपने अन्य साथी प्रतीक जैन की सहायता से उक्त बैंक खातों में प्रार्थी से रकम जमा करवाए गए थे। इन बैंक खातों में अलग अलग राज्यों के 16 से अधिक पुलिस थाना एवं साइबर सेल मे रिपोर्ट दर्ज है। दोनों आरोपियों को दिनांक 4/4/25 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा हेतु भेजा गया है।

#### ग्रीष्मकालीन पेयजल प्रबंधन की विस्तृत समीक्षा की गई

# जल कार्य विभाग अध्यक्ष संतोष सीमा साहू ने सभी टैंकरों को तैयार रखने के दिए निर्देश

रायपुर विजय मत ब्यूरो।

आज नगर पालिक निगम रायपुर के जलकार्य विभाग अध्यक्ष श्री संतोष सीमा साहू ने कार्यपालन अभियंता जल नरसिंह फरेन्द्र सहित जलविभाग के अभियंताओं एवं अधिकारियों की उपस्थिति में ग्रीष्मकालीन पेयजल प्रबंधन की विस्तृत समीक्षा कर अनेक निर्देश जनहित में दिये। जलकार्य विभाग अध्यक्ष ने ग्रीष्मकालीन पेयजल हेतु जोनों से समन्वय बनाकर प्रभावित क्षेत्रों में टैंकर पहुंचाने की चिन्हित सूची निगम मुख्यालय को देने और उस सूची को निरन्तर गुगल शीट में भी अपडेट करने के निर्देश दिए, ताकि इसकी निगम मुख्यालय जल कार्य विभाग और नगर निगम रायपुर के उच्चाधिकारियों द्वारा मॉनिटरिंग और समीक्षा की जा सके, वहीं चिन्हित क्षेत्रों में पानी पहुंचाने के कार्य का सत्यापन अभियंता द्वारा किये जाने की व्यवस्था देने के निर्देश दिये हैं। जल कार्य विभाग के अध्यक्ष ने निगम मुख्यालय एवं जोनों से विभागीय टैंकर के अलावा चलने वाले टैंकर को पानी की उपलब्धता पर विधिवत रसीद काटकर दिये जाने और सभी टैंकरों को आवश्यक रूप से तैयार रखवाने के निर्देश दिये हैं। बैठक में जलकार्य विभाग अध्यक्ष द्वारा निर्देशित किया गया है कि जोनों में जल विभाग की पेयजल व्यवस्था से संबंधित कर्मचारियों की ड्यूटी रात्रि 9 बजे तक रखी जाये, ताकि ग्रीष्म काल में टैंकर की मांग पर सिर्फ मुख्यालय पर निर्भरता न रहे। प्रतिदिन टैंकर का हिसाब मुख्यालय स्तर पर पहुंचे, ऐसी व्यवस्था कायम की जाये। नलघर की बाउंड्रीवाल की साफ सफाई करवाने सहित वहां की सुरक्षा का प्रबंध करवाया जाये। रायपुर में जल की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए दो रिफिलिंग माजदा एवं दो ट्रैक्टर इंजन का नया प्रस्ताव देने के निर्देश दिये गये। जल कार्य विभाग अध्यक्ष ने निर्देशित किया कि विभागीय स्तर पर सभी जोनों को किराये पर पेयजल टेंकर उपलब्ध करवाए गए हैं, स्थल पर समस्या होने और आवश्यक होने पर जोन के स्तर पर भी टैंकर से पेयजल उपलब्धता करवाई जा सकती है, ताकि इसमें मुख्यालय पर निर्भर ना रहना पड़े, मुख्यालय से टैंकरों को अति आवश्यक पेयजल आपूर्ति में लगाया गया है। जल कार्य विभाग के अध्यक्ष ने सभी रजिस्टर की जांच की, जिसमें रसीद काटी जाती है। टैंकर भेजे जाने वाले रजिस्टर का अवलोकन कर सभी कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर टैंकर प्रभारी का मोबाईल नंबर जारी करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश कार्य समीक्षा के दौरान जलकार्य विभाग अध्यक्ष द्वारा दिये गये।



### सीईओ ने ग्राम पंचायत तुलसी नेवरा में पंचायत भवन का किया निरीक्षण

रायपुर। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार विश्वरंजन ने जनपद पंचायत तिल्दा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जनपद कार्यालय का जायजा लिया और उसके बाद पंचायत भवन एवं यूट्यूब स्टूडियो जाकर युवा इन्फ्लूएंसर्स से मुलाकात की। इस दौरान इन्फ्लूएंसर्स ने अपनी अपेक्षाएं और अपनी समस्याओं को जिला पंचायत सीईओ के समक्ष रखा। साथ ही जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वरंजन ने ग्राम पंचायत ताराशिव में कार्यरत महिलाओं से संवाद कर उनके कार्य के विषय में चर्चा किया।

इस दौरान उन्होंने पंचायत स्तर पर चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया और उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# साधना प्रमोद साहू निगम रायपुर जोन 3 अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित

रायपुर विजय मत ब्यूरो।


नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 3 की वार्ड समिति के अध्यक्ष पद का निर्वाचन नगर निगम आयुक्त विश्वदीप द्वारा नियुक्त निर्वाचन सह पीठासीन अधिकारी जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे द्वारा निर्वाचन सह पीठासीन अधिकारी निगम अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय के निर्देशन पर्यवेक्षण में नगर निगम जोन 3 कार्यालय में कराया गया।नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने, प्राप्त नाम निर्देशन पत्र की संवीक्षा उपरांत प्राप्त एकमात्र नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने वाले अभ्यर्थी वार्ड पार्षद श्रीमती साधना प्रमोद साहू को नाम निर्देशन पत्र सही पाए जाने पर नाम वापसी समय पूर्ण होने उपरांत नगर निगम जोन 3 की वार्ड समिति का अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया. जोन 3 में श्रीमती साधना प्रमोद साहू को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर निर्वाचन प्रमाणपत्र प्रदत्त किया गया. इस अवसर पर जोन कार्यालय में वार्ड समिति का अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित घोषित होने पर महापौर श्रीमती मीनल चौबे, सभापति सूर्यकान्त राठौड़, जल कार्य विभाग अध्यक्ष श्री संतोष साहू, पार्षद राजेश कुमार गुप्ता, पार्षद प्रतिनिधि रोहित साहू, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि राम प्रजापति, सभी एमआईसी सदस्यों, जोन के तहत वार्डों के सभी नवनिर्वाचित पार्षदगणों, अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, जोन 3 जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे, निगम सचिव सूर्यकान्त श्रीवास्तव, जोन के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों ने वार्ड समिति जोन क्रमांक 3 की नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती साधना प्रमोद साहू को शुभकामनाएं दी।



# भारत-जापान संबंधों को लेकर संसद में उठा सांसद बृजमोहन अग्रवाल का सवाल

रायपुर विजय मत ब्यूरो।

रायपुर सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने संसद में छत्तीसगढ़ के हितों की पुरजोर वकालत करते हुए कहा कि भारत-जापान के साथ बढ़ते व्यापारिक और औद्योगिक सहयोग से छत्तीसगढ़ में निवेश बढ़ेगा, जिससे युवाओं को रोजगार और राज्य को आर्थिक मजबूती मिलेगी। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि छत्तीसगढ़ को इस सहयोग का अधिकतम लाभ मिले, इसके लिए विशेष योजनाएं बनाई जाएं। लोकसभा में शुक्रवार को बृजमोहन अग्रवाल ने भारत-जापान संबंधों को लेकर महत्वपूर्ण प्रश्न उठाया। उन्होंने विदेश मंत्री से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक भागीदारी, रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग, भारतीय रक्षा उत्पादन नीति में जापान की संभावित भागीदारी, प्रौद्योगिकी और अवसंरचना में व्यापारिक संबंधों की मजबूती, भारत में जापानी निवेश की स्थिति तथा छत्तीसगढ़ को इससे होने वाले संभावित लाभों पर विस्तृत जानकारी मांगी। विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने संसद में दिए गए उत्तर में बताया कि भारत की एक्ट ईस्ट नीति और सागर दृष्टिकोण जापान के खुले एवं मुक्त हिंद-प्रशांत दृष्टिकोण के साथ मेल खाते हैं। उन्होंने बताया कि क्वाड कार्य ढांचे के अंतर्गत दोनों देशों के बीच सहयोग लगातार मजबूत हो रहा है, जिससे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्वतंत्रता, शांति और समृद्धि को बढ़ावा मिल रहा है। रक्षा सहयोग पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि 22 नवंबर 2024 को लाओस में आयोजित एडीएमएम प्लस बैठक के दौरान भारतीय और जापानी रक्षा मंत्रियों के बीच वार्ता हुई। इस दौरान दोनों देशों के बीच रक्षा उद्योग और प्रौद्योगिकी सहयोग को बढ़ावा देने के लिए कई अहम समझौतों की पुष्टि की गई।




# डीआरटी ने कोटक महिंद्रा बैंक के केस में की सम्पति की कुर्की



रायपुर विजय मत ब्यूरो।

माननीय न्यायालय ऋण वसूली अधिकारी जबलपुर मप्र-छग वसूली अधिकारी प्रीति देसाई के निर्देश पर कोर्ट कमीश्नर एड. महेश पाण्डेय के द्वारा कोटक महिंद्रा बैंक के शाखा रायपुर (छ.ग.) से लोन लेने के बाद ऋण की राशि समय पर न चुकाने पर एन.पी.ए. खाता गुरुकृपा कोल ट्रांसपोर्ट एवं अन्य मे सहऋणि हरजीत सिंह पिता गुरुदेव सिंह तथा बलजीत सिंग पिता गुरुदेव सिंह संयुक्त रूप से पता मकान नं. 743 से.नं. 04 गली नं. 6 उदया सोसायटी, खसरा नं. 624/21, रकबा 0.1150 हे. को कुर्क किया गया। कुर्की प्रकिया के दौरान अचल सम्पति पर कुर्की वारंट चस्पा मुनादी कराई गई। एडवोकेट कमिश्नर महेश पाण्डेय ने बताया कि ऋण वसूली अधिकरण के केस में यह कार्यवाही की गई जो कि कई वर्षों से लंबित है। सम्पति कुर्की के दौरान बैंक के विधि अधिकारी राजेश राठौर, कलेक्शन मैनेजर शंकर सिंह, तुलेन्द्र वर्मा, सोमनाथ साहू तथा आमनाका थाना पुलिस व राजस्व अधिकारी के संज्ञान में सफलतापूर्वक सम्पति कुर्क की गई, जिसे अब नीलामी प्रक्रिया में रख कर बैंक ऋण की वसूली की जाएगी।

# टिकट चेकिंग स्टाफ को यात्रियों की त्वरित समस्या निदान करना चाहिए

#### वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार ने रायपुर रेल मंडल में टिकट चेकिंग स्टाफ के कार्यों की समीक्षा की

रायपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने रायपुर रेल मंडल में कार्यरत टिकट चेकिंग स्टाफ के कार्यों की समीक्षा की ड्यूटी के दौरान आने वाली समस्याओं, सुरक्षा, सुविधाओं में विस्तार सहित कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। रायपुर रेल मंडल में कुल 218 टिकट चेकिंग स्टाफ है पहली बैठक में 75 टिकट चेकिंग शामिल हुए आगामी दिनों में शेष टिकट चेकिंग स्टाफ के कार्यों की भी समीक्षा की जाएगी। अवधेश कुमार त्रिवेदी ने टिकट चेकिंग स्टाफ के द्वारा यात्रियों के प्रति उत्तरदायित्व का निर्वहन करने, नियमानुसार यात्रियों को प्रदत्त की जाने वाली सुविधाओं के प्रति उनकी जिम्मेदारियों, उनके द्वारा कि जा रही रेल सेवा से यात्री संतुष्ट हो, यात्रियों को उन्नत सुविधा मिले, ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्रियों के प्रति व्यवहार अच्छा रखेंगे तो भारतीय रेल की साख भी बनेगी इत्यादि विषयों पर गंभीरता से चर्चा की गई साथ ही टिकट चेकिंग स्टाफ द्वारा अपने कार्यों के दौरान आने वाली समस्याओं के निदान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उनकी समस्यायों को तत्काल सुलझाया जाए, उनको दिए जाने वाले सभी लाभों, भत्तो का समय पर भुगतान हो, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। टिकट चेकिंग स्टाफ जब भी अपने मंडलों या अन्य रेलवे जोन एवं मंडलों में ड्यूटी समाप्त कर रेस्ट के लिय जाते हैं तो उन्हें वहां पर उचित रहन-सहन, रेस्ट हाउस में उचित खानपान की व्यवस्था सुनिश्चित हो इसका ध्यान रखे जाने की बात कही। साथ ही सभी टिकट चेकिंग स्टाफ को अलर्ट किया कि यात्रियों को समस्या का अनुभव होने से पहले उन्हें स्वयं समस्या का आकलन कर लेना चाहिए और उसका तुरंत निदान करने हेतु उचित उपाय किए जाने चाहिए तुरंत कंट्रोल या अपने उच्च अधिकारियों को उस समस्या से अवगत करा कर तुरंत निदान कर रेल यात्रियों को बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करा कर रेल सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए।



#### आरडीए पर देखरेख और सुरक्षा खर्च का बढ़ता बोझ

# कौशल्या माता विहार योजना : रजिस्ट्री नहीं कराने वालों के फ्लैट्स होंगे निरस्त

रायपुर विजय मत ब्यूरो।

कौशल्या माता विहार योजना (कमल विहार) में जिन आवंटितों ने फ्लैट्स की संपूर्ण राशि जमा करा दी किन्तु रजिस्ट्री करवा कर कब्जा नहीं ले रहे हैं। ऐसे आवंटितियों के फ्लैट्स निरस्त कर दिए जाएंगे। ऐसे आवंटितियों को रजिस्ट्री करवाने के लिए पहले सूचना दी जाएगी। यदि वे रजिस्ट्री नहीं करते हैं तो उनके फ्लैट्स निरस्त करने की कार्रवाई रायपुर विकास प्राधिकरण व्दारा की जाएगी। फ्लैट्स बन जाने के बाद प्राधिकरण को ऐसे आवंटितियों के फ्लैट्स की देखरेख व सुरक्षा में अतिरिक्त व्यय करना पड़ रहा है जिससे प्राधिकरण को हर महीने अतिरिक्त आर्थिक बोझ सहना पड़ रहा है।

आरडीए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने योजना के विभिन्न सेक्टरों में निर्मित फ्लैट्स का निर्माण कार्यों का भी अवलोकन किया तथा योजना में निर्मित ईड्ब्लूएस, एलआईजी फ्लैट्स के आवंटन की स्थिति, रिक्त फ्लैट्स, निवासरत फ्लैट्स की संख्या से भी अवगत हुए। इस पर कुमार ने तकनीकी अधिकारियों को निर्देश दिया कि मुख्य सड़कों पर नियमित रुप से लाईट जले यह सुनिश्चित किया जाए।अधिकारियों ने उन्हें बताया गया कि रिक्त फ्लैट्स का विक्रय विज्ञापन के माध्यम से किया जा रहा है। स्थल निरीक्षण के दौरान सेक्टर - 2 में निमार्णाधीन रोहाऊस के 32 मकानों का भी अवलोकन किया गया। कार्य में देरी कारण उपस्थित ठेकेदार को फटकार लगाई और 18 अप्रैल तक मकानों का निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु लिखित सहमति ली गई। इस मौके पर प्राधिकरण के अधीक्षण अभियंता अनिल गुप्ता व एमएस पांडे, कार्यपालन अभियंता सुशील शर्मा, सहायक अभियंता विवेक सिन्हा, उप अभियंता कीर्ति केमरो, राकेश मनहरे, राजस्व अधिकारी ज्योति सिंह उपस्थित थी।



### सीईओ ने फ्लैटों में जा कर निवासियों से पूछा - कोई समस्या तो नहीं..

प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुन्दन कुमार ने चार घंटे तक कौशल्या माता विहार योजना का सघन दौरा कर किया। उन्होंने तकनीकी, राजस्व शाखा के अधिकारियों और कर्मचारियों से फ्लैट्स की समस्याओं के बारे जानकारी ली। वे निवासरत लोगों के फ्लैट्स में गए और उनसे पूछा कि उन्हें यहां कोई समस्या तो नहीं है ? इस पर लोगों ने नालियों, सीपेज, साफ सफाई और स्ट्रीट लाईट नहीं जलने की समस्या बताई। जिस पर कुमार ने तकनीकी अधिकारियों को निर्देश दिया कि मुख्य सड़कों पर नियमित रुप से लाईट जले यह सुनिश्चित किया जाए। शिकायतकर्ता ने जो शिकायत की है उस स्ट्रीट लाईट को आज शाम से शुरू कर दें। उन्होंने निवासियों की मांग पर फ्लैट्स के पानी की पाईप लाईन में वाल्व लगाने का भी निर्देश दिया।

# 201 बेटियों के माता-पिता का नवसृजन मंच ने किया सम्मान

रायपुर विजय मत ब्यूरो।

हिंदू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्र के अवसर पर नवसृजन मंच ने सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में बिटिया जन्मोत्सव मनाया। मंच की ओर से नवरात्रि पर आदिशक्ति की आराधना के पर्व पर कन्या पूजन के दौरान हेल्प डेस्क लगाया, जिससे बेटियों के जन्म को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में 10 दिन से 6 माह की आयु की 201 बच्चियों का पूजन किया गया। सभी बच्चियों के माता-पिता को सम्मानित करते हुए उन्हें बच्चों के प्रति उनके अधिकारों और दायित्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के आधार कार्ड बनाने संबंधी जानकारी के साथ उनके लिए उपयोगी योजनाओं जैसे कि नोनी सुरक्षा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, मातृत्व समृद्धि योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही केंद्र और राज्य सरकार द्वारा बेटियों के जन्म से लेकर आजीवन मिलने वाली योजनाएं, महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं से उन्हेंकार्यक्रम स्थल में ही जोड़ा गया। बिटिया जन्मोत्सव कार्यक्रम के दौरान नन्हीं माताओं का कन्या पूजन और कन्या भोज का कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि रहीं महापौर मीनल चौबे। नवसृजन मंच के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने बताया कि यह आयोजन पिछले 10 वर्षों से लगातार किया जा रहा है। बेटियों के माता-पिता को इस दौरान सम्मान पत्र, बेटियों के लिए बेबी किट दी गई,

जिसमें फ्रॉक व अन्य उपयोगी वस्तुएं थीं। वहीं आहार विशेषज्ञ डॉ. शिल्पी गोयल ने बिटिया के जन्म के बाद माता के पोषण आहार पर प्रकाश डाला। आयोजन में नवसृजन मंच के डॉ. देवाशीष मुखर्जी, कांतिलाल जैन, किशोर महानंद, डॉ. प्रीति सतपथी, कार्यकम प्रभारी मनीषा सिंह बघेल, डॉ. रश्मि चावरे, विनय शर्मा मौजूद थे।



संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

# नीतीश कुमार फिर सीएम की राह पर

बिहार में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इसे देखते हुए तमाम सियासी दलों ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। बिहार में इस बार का चुनाव भी मुख्यै तौर पर दो धड़ों के बीच है। एक तरफ सत्तापरूढ़ एन डीए है तो दूसरी तरफ महागठबंधन है। 30मार्च 25 क़ो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ एनडीए के बाकी साथियों की मीटिंग हुई। इसमें सभी की आमराय है कि बिहार का विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार के ही नेतृत्व में लड़ा जाएगा इससे पहले हाल में ही बिहार में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार न को भागलपुर में पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी करने के कार्यक्रम में बड़ा राजनीतिक संदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि अब इधर-उधर नहीं जाएंगे, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहार का विकास करेंगे। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को लेकर काफी चर्चा हो रही है नीतीश कुमार वो शख्शियत है जो किसी के कारण नहीं अपने काम के लिए जाने जाते हैं क्योंकि जब लालू यादव की सरकार थी तो सरेआम बिहार में लूटपाट हिंसा, अपहरण, फिरौती, गुंडा गर्दी व किचरों से लहूलुहान सड़क, जुआ, रंगदारी इस कदर हावी थी कि किसी औऱ का डर से वोट डालना भी मुश्किल है लेकिन जब 2005 में एनडीए की सरकार आयी तो ख़राब स्तिथि को सुधारना एक मुश्किल काम था जो बाद में नीतीश कुमार की सरकार ने दिखा दिया कि लूटा हुआ बिहार फिर चमकने लगा अतः बिहार में जद( यू ) अगले विधानसभा चुनाव तक पुरी मजबूती से टिके रहेगी इसका कारण यह है की बिहार का राजनीति समीकरण ऐसा है कि वहाँ मुख्य रूप से तीन पार्टी है जो इस प्रकार है बीजेपी, आरजेडी व जद (यू ) जब भी क़ोई दो पार्टी मिलती है तभी सरकार बनती है वहाँ का जातियों का समीकरण ही कुछ इसी तरह का है बीच में लोजपा भी है और जो दो गुटों में है वो भी इधर मजबूत हो रही है और खासकर लोजपा (रामविलास ) के प्रमुख केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान जो किसी का भी खेल बिगाड़ सकती है क्योंकि वहाँ जीत का मार्जिन बहुत ही कम वोटो के अंतर से होता है।


नोट
सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# जन सरोकार का सिनेमा बनाने वाले मनोज कुमार

**दिलीप कुमार पाठक**

एक दौर था जब कहा जाता था कि हर ऐक्टर शोमैन राजकपूर नहीं हो सकता है, जो खुद ही फिल्म का ऐक्टिंग, निर्देशन, निर्माता हो। हर किसी के बस की बात नहीं है। राज कपूर साहब का नाम आते ही एक ही शब्द जेहन में आता है... प्रतिभा... ऐसे ही एक ऐक्टर हैं, मनोज कुमार जी या भारत कुमार जी कह लें। मनोज कुमार जी ने अपनी फिल्म में रायटर, ऐक्टर, डायरेक्टर, एडिटर, निर्माता आदि की भूमिका बड़ी शिद्दत से निभाते थे। 60 के दशक के बाद यह जुमला फिर उन्हें सुनने को नहीं मिला, जो कभी उनके ऊपर ताना मारते हुए बोला गया था, कि हर कोई राज कपूर नहीं हो सकता... सच है कोई ग्रेट शो मैन राज कपूर साहब की जगह नहीं ले सकता... लेकिन मनोज कुमार साहब की प्रतिभा भी उनका मुकाम बयां करती है। वो हमें किसी का खुद का वजूद परछाईयों में देखने की आदत पड़ी है।

> बचपन से ही पलायन, दुःख, दर्द अगर रचनात्मकता की राह पकड़ ले तो आदमी कुछ न कुछ कमाल ही करता है...जो मनोज कुमार जी ने सिनेमा की दुनिया में रचा वो कमाल ही तो है। मनोज कुमार जी मात्र 10 साल के थे, जब माता-पिता के साथ पाकिस्तान छोड़कर भारत आ गए थे। मनोज कुमार जी को फ़रिश्ता बनने की चाहत हिन्दी सिनेमा में खींच लाई थी। मनोज जी बचपन में रिफ्यूजी कैंप में रहते थे। उस समय दिलीप साहब की फिल्म दिखाई जा रही थी। फिल्म का नाम जुगनू था... मनोज कुमार दिलीप साहब की पर्सनलिटी से बहुत प्रभावित हुए, उस समय इनकी उम्र करीब 12 साल रही होगी। यह वही दौर था, जब हर कोई दिलीप कुमार बनना चाहता था।



सिनेमा का समाज को गढ़ने में प्रमुख रोल रहा है... सिनेमा भी दो तरह का होता है एक जहां खूब पैसा बनाया जाता है, दूसरा जहां ज़न सरोकार का सिनेमा गढ़ा जाता है। मनोज कुमार जी ने सिनेमा में पागल कर देने वाला स्टारडम, नहीं देखा, अपितु इज्ज़त बहुत कमाई। मनोज कुमार जी ने अपने अभिनय से लोगों के दिल में देशप्रेम का जज्बा बढ़ाया है। मनोज कुमार जी अविभाजित हिन्दुस्तान आज के पाकिस्तान में जन्मे थे। इनका नाम हरीकिशन गिरी गोस्वामी था... बचपन से ही हीरो बनने की चाहत हिन्दुस्तान खींच कर ले आई। बंटवारे की त्रासदी, पलायन का दर्द काफी था, उपकार, रोटी कपड़ा और मकान, पूरब और पश्चिम, क्रांति जैसी फिल्म को गढ़ने के लिए... कुछ दिन बाद मनोज कुमार को दिलीप साहब की एक फिल्म और देखने का मौका मिलता है। इस फिल्म का नाम शहीद था। दोनों फ़िल्मों के क्लाइमेक्स में दिलीप साहब की मृत्यु हो जाती है... मनोज कुमार जी तब छोटे थे, उनमे फिल्म समझने की समझ नहीं थी, हालांकि दिलीप साहब ज़रूर अच्छे लगे थे।उनको यह यह समझ में नहीं आ रहा था, कि कोई इंसान दो बार कैसे मर सकता है। मनोज कुमार यही सब बार बार सोच कर चिंतित रहने लगे। उनकी मां ने मनोज कुमार को शांत बैठा देख गुमशुम रहने की वजह पूछा तो मनोज कुमार ने अपनी मां से पूछा की एक आदमी कितनी बार मरता है? तो मां ने कहा एक बार तो मनोज कुमार ने कहा अगर 2-3 बार मरे तो, तो मां ने कहा फिर तो वो इंसान नही वो फरिश्ता होता है... छोटे से मनोज कुमार जी ने तभी सोच लिया था कि वो बड़े होकर दिलीप कुमार की तरह फरिश्ता बनेंगे... बड़े होकर जब ऐक्टर बने तो अपना नाम मनोज कुमार रख लिया। क्योंकि दिलीप साहब की फिल्म शबनम में उनके कैरेक्टर का नाम मनोज था। मनोज कुमार ने अपनी सिनेमाई समझ का बेहतरीन उपयोग करते हुए अपनी अगली फिल्म क्रांति बनाई, जिसने उनके करियर को तो चरम पर पहुंचाया ही साथ ही साथ खराब दौर से गुजर रहे दिलीप साहब की भी शानदार वापसी करवाई। दिलीप साहब पहले फिल्म करने के लिए राजी नहीं थे, लेकिन उन्होंने मनोज कुमार के प्रेम में फिल्म करने के लिए हाँ कर दिया। मनोज कुमार दिलीप साहब के इतने बड़े दीवाने हैं कि आज भी कोई उन्हें कहता है कि आप दिलीप साहब की नकल करते हैं तो उन्हें सुनकर बुरा नहीं अपितु खुशी होती है कि मैं भी दिलीप साहब जैसे अभिनय कर सकता हूं।

कालजयी फिल्म क्रांति के साथ ही अपनी बनाई गई फिल्मों की अभूतपूर्व सफलता के बाद मनोज कुमार का खराब दौर भी शुरू हो गया था। उनकी 1989 में बनी फिल्म 'क्लर्क' फ्लॉप रही और 'संतोष', 'कलयुग की रामायण' जैसी फिल्मों से उनका करियर ग्राफ नीचे की ओर आता रहा... मनोज कुमार ने अपने लम्बे सिनेमाई सफ़र में पचास से भी कम फ़िल्मों में अभिनय किया, लेकिन उनकी सारी की सारी फ़िल्में यादगार हैं... तीन सौ से अधिक फ़िल्मों में काम करने वाले अभिनेताओं ने भी इतनी ब्लॉकबस्टर फ़िल्में नहीं दी, जितनी ब्लॉकबस्टर फ़िल्में मनोज कुमार ने अपने कॅरियर में दी।मनोज कुमार अपनी सिनेमाई यात्रा के लिए कहते हैं मैंने कम ही फ़िल्में बनाई हैं, लेकिन जितनी भी बनाई हैं सभी कंटेंट के लिहाज से उम्दा रही हैं। भले ही मैंने पचास से कम फ़िल्मों में काम किया लेकिन दर्शकों को मेरी सभी फ़िल्में मुँह जुबानी याद हैं। मैंने सिनेमाई यात्रा में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जहां मैंने काम किया और सफलता नहीं पाई हो। हालाँकि मैं अब भी फ़िल्में देखता हूं, लेकिन देव साहब, दिलीप साहब, राज कपूर साहब, राजेन्द्र कुमार, प्राण साहब, अजीत साहब, आदि की फ़िल्में मैं नहीं देख पाता, क्योंकि मुझे उनकी याद आती है।

सच है ऐसा कोई अवॉर्ड नहीं है, जो मनोज कुमार जी को मिला न हो। वहीँ मनोज कुमार जी जैसे अनोखे लोग थे, जो सरकार के करीबी भी थे। इंदिरा जी, अटल जी जैसे नेताओ को अपना मित्र भी बताते थे। हमेशा सम्मानीय थे, और जब समाज के साथ खड़े होने की बात आती थी, तो बोल देते थे, कि रोटी हमारे घर में देश के हर वर्ग से आती है... हम आपकी दोस्ती के लिए ईमान नहीं बेच सकते। कीमत चाहे जो भी चुकानी पड़े। ऐसे अदाकार को मेरा सलाम।


(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

# दुनियाँ के हर देश के कानूनों, संविधानों की कुछ खामियों रूपी लिकेजेस का लाभ उठाने का प्रचलन बढ़ा

**किशन सनमुखदास भावनानी**

हम भारतीय पीढ़ीयों से अपने बड़े बुजुर्गों से सुनते आ रहे हैं कि किसी समय पृथ्वी पर सतयुग का क़ाल था,जब ईमानदारी, निस्वार्थपना, अपनापन जिम्मेदारी जवाबदारी सभी गुण भरपूर मात्रा में थे तथा भ्रष्टाचार का नामो निशान नहीं था, दूसरों के लिए जीना ही मकसद था परंतु आज घोर कलयुग आ गया है उपरोक्त सभी गुण विलुप्त से हो गए हैं। भले ही मैक्सिमम लेवल पर ही सही यह गुण वैश्विक स्तरपर गुम से हो गए हैं।आज हम देख रहे हैं कि निजी हो या प्रशासकीय, प्रशासनिक लेवल पर अपने फायदे के लिए ही सब कुछ सोचा व किया जा रहा है, अपने व्यक्तिगत या पारिवारिक फायदे के लिए अपनी मान्यताएं प्रथाएं नियम सब बदल दिए जाते हैं, शासन प्रशासन स्तरपर भी अपने फायदे के लिए आदेश, अध्यादेश निकाल लिए जाते है,संविधान संशोधन कर दिया जाता, सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट को अध्यादेशों के माध्यम से पलट दिया जाता है, कानून नियमों विनियमों को संशोधन कर दिया जाता है। हालांकि उसमें जनता का फायदा भी हो सकता है परंतु पर्दे के पीछे मकसद कुछ और ही रहता है, इन अध्यादेशों संविधान संशोधनों के अनेक उदाहरण हम वैश्विक स्तरपर देख सकते हैं इजरायल पाकिस्तान इत्यादि देशों में न्यायिक संशोधन, भारत में दिल्ली कानून अध्यादेश, जिसने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को पालटा था। आज हम यह चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि 30 मार्च 2025 को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक इंटरव्यू में इशारा दिया कि वह अपने तीसरे कार्यकाल की योजना बना रहे हैं, जिसके लिए अमेरिकी संविधान में संशोधन किया जा सकता है बता दें अमेरिका में कानून है कि कोई भी व्यक्ति दो बार से अधिक राष्ट्रपति नहीं बन सकता, चाहे वह क्रम से हो या अलग-अलग अवधि में राष्ट्रपति बना हो, यह नियम संविधान संशोधन के द्वारा बदला जा सकता है।चूँकि दुनियाँ के हर देश मे कानूनों व संविधानों की कुछ कमियों रूपी लिकेजेस का लाभ उठाने का प्रचलन बड़ा है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा इशारा, तीसरी बार राष्ट्रपति बनने से रोकने वाले कानून की खोज ली क़ाट, बदल देंगे यूएसए का संविधान?

> साथियों बात अगर हम ट्रंप के तीसरे कार्यकाल के लिए अमेरिकी संविधान बदलने के बयान की करें तो,उन्होंने एनबीसी न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा कि वह राष्ट्रपति के तौर पर तीसरे कार्यकाल के लिए विचार कर रहे हैं और इसके लिए संविधान को बदलने की सोच रहे हैं। उन्होंने कहा कि संविधान में तीसरी बार राष्ट्रपति बनने के तरीके मौजूद हैं और वह इसे लेकर गंभीर हैं,इस दौरान ट्रंप से पूछा गया कि वह कौन से तरीके हैं? इस पर ट्रंप ने कहा कि ऐसे कई तरीके हैं, जिनसे आप ऐसा कर सकते हैं, यह पूछने पर कि क्या जेडी वेंस राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ेंगे और इलेक्शन जीतने के बाद वे ट्रंप को राष्ट्रपति की कुर्सी सौंप देंगे?



ट्रंप ने इस पर झट से कहा कि ये भी एक कारगर तरीका है लेकिन इसके अलावा भी कई और तरीके हैं, इंटरव्यू में अमेरिकी राष्ट्रपति से जब उनके तीसरे कार्यकाल के पिछले इशारों के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने जवाब देते हुए कहा कि वह मजाक नहीं कर रहे थे। इसके लिए कुछ तरीके भी हैं, जिससे यह किया जा सकता है। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, बहुत से लोग चाहते हैं कि मैं ऐसा करूं लेकिन मेरा मतलब है, मैं मूल रूप से उनसे कहता हूं कि हमें अभी लंबा रास्ता तय करना है, आप जानते हैं, प्रशासन में यह बहुत शुरुआती दौर है। बता दें कि अगर ट्रंप तीसरी बार राष्ट्रपति बनने की कोशिश करते हैं तो इसके लिए उन्हें संविधान में संशोधन करना होगा, ऐसा करने के लिए अमेरिकी संसद और राज्यों से समर्थन की जरूरत होगी।ट्रंप को इसके लिए अमेरिकी सीनेट और प्रतिनिधि सभा में दो-तिहाई बहुमत से बिल पास कराना होगा। ट्रंप का मौजूदा कार्यकाल 2029 में पूरा होगा। अमेरिका में दो बार राष्ट्रपति बनने का प्रावधान है। वह नवंबर 2024 में दूसरी बार देश के राष्ट्रपति चुने गए थे। ट्रंप कई मौकों पर तीसरे कार्यकाल के लिए चुनाव लड़ने की बात कह चुके हैं, नवंबर में चुनाव जीतने के बाद और फिर जनवरी में शपथ से पहले भी वह यही बात कह चुके हैं। इस बीच जनवरी में ही ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी के एक सांसद ने एक बिल भी संसद में पेश किया था, ट्रंप को तीसरी बार राष्ट्रपति बनने की अनुमति देने के लिए संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा में इस बिल को पेश किया गया था।इस बिल में कहा गया था कि अगर कोई शख्स लगातार दो बार राष्ट्रपति रह चुका है, वो तीसरी बार राष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचित नहीं हो सकता, लेकिन ट्रंप 2020 का चुनाव बाइडेन से हार गए थे, ऐसे में वह तीसरी बार भी राष्ट्रपति चुने जाने के लिए योग्य हैं। अब तक का सबसे स्पष्ट संकेत है कि ट्रंप संवैधानिक बाधाओं को पार करने के तरीके भी तलाश सकते हैं।1951 में जोड़े गए संविधान के 22 वें संशोधन के तहत, अमेरिका में कोई भी व्यक्ति दो बार से ज्यादा राष्ट्रपति नहीं चुना जा सकता। ऐसे में ट्रंप का यह बयान कानूनी रूप से संदेहास्पद माना जा रहा है और विशेषज्ञों के अनुसार, इस पर अमल कर पाना लगभग असंभव होगा।

साथियों बात अगर हम राष्ट्रपति बनने के अमेरिकी संविधान में नियमों की करें तो, अमेरिकी में दो बार ही बन सकते हैं राष्ट्रपति अमेरिकी संविधान के 22 वें संशोधन के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति का कार्यकाल केवल दो बार तक ही सीमित है और यह चार साल के लिए होता है, चाहे वह लगातार हो या नहीं। किसी संवैधानिक संशोधन को पलटने के प्रस्ताव के लिए कांग्रेस के दोनों सदनों में दो-तिहाई मत व 50 अमेरिकी राज्यों में से तीन-चौथाई राज्यों की विधान सभाओं द्वारा समर्थन की जरूरत होती है। 22 वें संशोधन के पारित होने के बाद किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति ने तीसरा कार्यकाल पाने की कोशिश नहीं की है। पहले यह परंपरा नहीं होती थी। दो कार्यकाल के राष्ट्रपति पद की परंपरा साल 1796 से चली आ रही है, जब जॉर्ज वाशिंगटन ने दो कार्यकाल के बाद अपनी इच्छा से पद छोड़ दिया। इसके बाद एक नई मिसाल कायम हुई। इसका पालन 140 सालों से ज्यादा तक हुआ। नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी के संवैधानिक कानून विशेषज्ञ का कहना है कि कोई कानूनी आधार नहीं है जिससे ट्रंप तीसरी बार राष्ट्रपति बन सकें,वहीं एक यूनिवर्सिटी के चुनाव कानून प्रोफेसर मुलर ने कहा कि 12 वें संशोधन के तहत, अगर कोई व्यक्ति राष्ट्रपति पद के लिए अयोग्य है, तो वह उपराष्ट्रपति भी नहीं बन सकता।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार


# राम से बड़ा राम का नाम

**डॉ नीलम महेंद्र**

वो त्रेता युग का समय थाजब सूर्यवंशी महाराज दशरथ के घर कौशलनन्दन श्री राम का जन्म हुआ था। समय कहाँ रुकता है भला! तो वह अपनी गति से चलता रहा। आज हम द्वापर से होते हुए कलियुग में आ गए हैं। लेकिनइतने सहस्त्रों वर्षों के बाद भी, इतने युगों के पश्चात भीप्रभु श्री राम का चरित्र देश देशांतर की सीमाओं से परे, वर्षों और युगों के कालचक्र को लांघकर अनवरत सम्पूर्ण विश्वको आकर्षित करता रहा है। हरे रामा, हरे कृष्णा का जाप आज वैश्विक स्तर पर एक अनूठी आध्यात्मिक सन्तुष्टि, परम् आनन्द की अनुभूति एवं मनुष्य को एक अलग हीआनन्दमय लोक में पहुँच जाने का अनुभव दिलाने वाला सर्व स्वीकार्य मंत्र बन चुका है। दरअसल श्री राम का चरित्रही ऐसा है। एक आदर्श पुत्र हो या एक आदर्श भ्राता (भाई), एक आदर्श पति हो या एक आदर्श राजा, एक आदर्श मित्र हो या फिर एक आदर्श शत्रु! राम मर्यादाओंमें रहने वाले,पुरुषों में उत्तम,ऐसे ÷मर्यादा पुरूषोत्तम÷ हैं जिनका जीवन कठिनाइयोंएवं संघर्षो से भरा रहा किंतु फिर भी मानव रूप में उन्होंने मुस्कुराते हुए सहजरूप से धर्म की राह पर चलते हुए इस प्रकार अपना जीवन व्यतीत किया कि इतने वर्षोंबाद आज भी वह हमारा पथप्रदर्शक है। कहना अतिश्योक्ति नहींहोगी कि प्रभु श्री राम का चरित्र हमारा वो सनातन इतिहास है जो इतने वर्षों बाद भीसम्पूर्ण विश्व की मानवता को वर्तमान तथा भविष्य की राह दिखा रहा है। इसका सबसे बड़ा प्रमाण हैकि आज की 21 वीं सदी में भी जब आदर्शप्रशासन की बात की जाती है तो भारत ही नहीं विश्व भर में ÷रामराज्य÷ ही उसका प्रतिमान होता है। यही कारण है कि हम यहकामना करते हैं कि, ÷नगरी हो अयोध्या सी,रघुकुल से घराना हो, चरण हों राघव के जहां मेरा ठिकाना हो÷। कहते हैं कि जब लंका जानेके लिए श्री राम की वानर सेना समुद्र के ऊपर पुल का निर्माण कर रही थी और वानर समुद्रमें पत्थर फेंक रहे थे, तो प्रभु श्री राम नेदेखा कि वानर समुद्र में पत्थर पर ÷राम÷ नाम लिखकर फेंक रहे हैं और पत्थर तैर रहे हैं।उन्होंने सोचा कि जब मेरा नाम लिखा पत्थर तैर रहा है तो यदि मैं कोई पत्थर फेंकूँतो वो भी तैरेगा। यही सोचकर उन्होंने एक पत्थर उठाया और समुद्र में फेंका। लेकिनवो पत्थर डूब गया। वे आश्चर्य में पड़कर सोचने लगे कि ऐसा क्यों हुआ। दूर खड़ेहनुमानजी यह सब देख रहे थे। कौतूहल वशश्री राम ने हनुमानजी से पूछा कि मेरे नाम के पत्थर समुद्र में तैर रहे हैं लेकिनजब मैंने वह पत्थर फेंका तो डूब गया?

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

## शब्द पहेली - 8327



**बाएँ से दाएँ**

1. उच्च कुल का-3
6. जलज, पंकज, नीरज-3
7. चरित्र, धर्म-5
8. वचन, प्रतिज्ञा-3
10. आनेवाला दिन-2
12. पक्षियों का शोर, पक्षियों की चहचहाट -4
15. अनबन, कहासुनी-4
17. रुपया, पैसा-2
19. भ्रम, संदेह-3
21. कहानी लिखनेवाला-5
23. अंजन-3
24. वजह-3

**ऊपर से नीचे**

2. अधिवर्ष, 29 फरवरी वाला वर्ष-2,3
3. कंठ, गला-3
4. लाज, लज्जा-3
5. विवाह, ब्याह-2
6. सोना, धतूरा-3
9. टेका, आसरा-3
11. बुरी आदत-2
13. रेखा, लाइन-3
14. हत्या, मर्डर-2
16. नवचंद्राकार -5
18. अनुकृति-3
19. भला कार्य-3
20. घर, गृह, निवास-3
22. युद्ध, संग्राम -2


**शब्द पहेली -8326 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | भ | क्त | | सा | र | सं | भा | ल |
| का | या | | ब | ज | ह | | त | प |
| ग | न | र | | न | न | द | | ल |
| | क | स | म | | स | | पा | पा |
| ह | | म | न | मो | ह | क | | ना |
| म | स्त | | भा | | न | म | क | |
| स | | क | ब | च | | र | म | ल |
| फ | ना | | न | र | म | | त | ब |
| र | म | ण | | म | | शो | र | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**5 अप्रैल 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 06.19 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | वृष | 07.59 बजे से |
| मंगल | कर्क में | मिथुन | 09.57 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 12.11 बजे से |
| गुरु | वृष में | सिंह | 14.27 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 16.39 बजे से |
| शनि | मीन में | तुला | 18.50 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 21.04 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 23.20 बजे से |
| राहुकाल | 9.00 से 10.30 बजे तक | मकर | 01.25 बजे से |
| | | कुंभ | 03.12 बजे से |
| | | मीन | 04.45 बजे से |

**शनिवार** 2025 वर्ष का 95 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** बसंत।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** अष्टमी 19.27 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पुनर्वसु 05.32 बजे प्रातः को समाप्त।
**योग** अतिगण्ड 20.03 बजे को समाप्त।
**करण** विष्टि 07.45 बजे तदनन्तर बव 19.27 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 06.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 06° 05'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872305
**जूलियन दिन** 2460770.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** सव्वाल **तारीख** 06
**विशेष** मासिक दुर्गाष्टमी।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 | से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 | से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 | से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 | से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 | से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 | से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 | से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 | से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 | से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 | से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 | से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 | से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 | से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 | से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 | से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 | से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

### ऊर्जा मंत्री तोमर ने की बिजली कंपनियों के कार्यों की समीक्षा

# सभी बिजली कंपनियों में स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने का निर्णय

**विजय मत, भोपाल**

सभी बिजली कंपनियों में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों के लिये स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की जायेगी। यह कार्यवाही समय-सीमा में पूरी करें। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह निर्देश शुक्रवार को मंत्रालय में बिजली कंपनियों के कार्यों की समीक्षा के दौरान दिये।



## टारगेट ओरिएंटेड करें कार्य

ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा कि पूरे वर्ष का टारगेट तय करें और उसी अनुरूप कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि मैं त्रैमासिक समीक्षा करूंगा। मंत्री तोमर ने कहा कि निर्धारित मापदंड के अनुसार कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित किया जायेगा। साथ ही मापदंड अनुसार काम नहीं करने वाले अधिकारियों को दंडित किया जायेगा। इसी के आधार पर स्थानांतरण और पदोन्नति भी तय की जायेगी।

*जल्द पूरी करें भर्ती प्रक्रिया... मंत्री तोमर ने कहा कि जनरेशन कंपनी और ट्रांसमिशन कंपनी का नया ओ.एस. (संगठनात्मक संरचना) स्वीकृत हो चुका है। अतः भर्ती की प्रक्रिया जल्द पूरी करें। उन्होंने बिजली कंपनियों द्वारा गत वित्तीय वर्ष में किये गये उल्लेखनीय कार्यों के लिये बधाई भी दी। मंत्री तोमर ने कहा कि सभी कंपनियों की भर्ती एवं सेवा की शर्तें एक समान होनी चाहिए। आउटसोर्स कर्मचारियों का भी ईपीएफ जमा होना चाहिए। ऐप के माध्यम से कर्मचारी ईपीएफ की जानकारी ले सकते हैं।*

### पीएम जन-मन और धरती आबा में स्वीकृत कार्य समय-सीमा में पूरा करें

मंत्री तोमर ने कहा कि पीएम जन-मन और धरती आबा योजना में स्वीकृत कार्यों को समय-सीमा में पूरा करें। जन-मन योजना में 27 हजार 230 घरों में विद्युत कनेक्शन देने का लक्ष्य है। इसमें 17 हजार 739 घरों में विद्युत कनेक्शन दिये जा चुके हैं। तीनों विद्युत वितरण कंपनियां लॉइन लॉसेस कम करने के लिये सुनियोजित कार्ययोजना बनाएं। खराब ट्रांसफार्मर समय पर बदलें। न्यायालयीन प्रकरणों में सरकारी पक्ष मजबूती से रखें। विद्युत कटौती और मेंटेनेंस की जानकारी सोशल मीडिया में भी दें। उन्होंने आरडीएसएस योजना में स्वीकृत कार्यों की भी समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिये। मंत्री तोमर ने कहा कि हम सब अधिकारी-कर्मचारी होने के साथ ही एक नागरिक भी हैं। अतः हमारा सामाजिक दायित्व भी है। इसका निर्वहन निष्ठा के साथ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि गत वर्ष एक लाख पौधे लगाये गये थे, इनकी सुरक्षा की चिंता करें। साथ ही आगामी बरसात में पौध-रोपण की कार्ययोजना भी बना लें। अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई ने विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि 15 अप्रैल तक नये वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना अनिवार्य रूप से बना लें। बैठक में एमडी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी अविनाश लवानिया, एमडी मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी क्षितिज सिंघल, एमडी पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी अनूप सिंह, एमडी जनरेशन कंपनी मंजीत सिंह और एमडी ट्रांस्को सुनील तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## राजेन्द्र शुक्ल ने माँ चामुण्डा एवं माँ तुलजा भवानी के दर्शन कर पूजा अर्चना की

### सभी को सुखी और निरोगी रखने की माँ से की प्रार्थना

**विजय मत, भोपाल**



उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने देवास में माताजी की टेकरी पहुंचकर माँ चामुण्डा एवं माँ तुलजा भवानी के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा अर्चना की और प्रदेश की जनता की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने माताजी से सभी को सुखी और निरोगी रखने की प्रार्थना की। देवास में उप मुख्यमंत्री शुक्ल का स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा माताजी की तस्वीर भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर कलेक्टर ऋतुराज सिंह, एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, रायसिंह सेंधव, राजेश यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

## कृषि मंत्री कंषाना ने किसानों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की



**भोपाल।** किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने श्यामला हिल्स स्थित अपने शासकीय निवास बी-3 पर नवरात्रि के सप्तमी पर्व पर पूजा-अर्चना आयोजित की। उन्होंने माँ दुर्गा से प्रदेश के किसानों एवं नागरिकों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। पूजा-अर्चना में मंत्री कंषाना की धर्मपत्नी श्रीमती संजू कंषाना और निवास का स्टॉफ सम्मिलित हुआ। पंडित गोविंद चतुर्वेदी द्वारा हवन कराया गया।

## न्यूज इन शॉर्ट

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पं. माखनलाल चतुर्वेदी की जयंती पर किया नमन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के गौरव और हिन्दी पत्रकारिता के पुरोधा, राष्ट्रकवि पं. माखनलाल चतुर्वेदी की जयंती पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उनकी लेखनी ने भारतीय स्वाधीनता आंदोलन को नई ऊर्जा दी और राष्ट्रभक्ति की भावना को सशक्त किया। पुष्प की अभिलाषा, सिपाही, सागर खड़ा बेड़ियाँ तोड़े... जैसी उनकी अनेक कालजयी कृतियां भावी पीढ़ियों को त्याग एवं देशभक्ति के लिए अनुप्रेरित करती रहेंगी। पं. माखनलाल चतुर्वेदी का जन्म 4 अप्रैल 1889 को बाबई (नर्मदापुरम) में हुआ, जिसे अब उनके नाम पर माखननगर के नाम से जाना जाता है। पं माखनलाल चतुर्वेदी "कर्मवीर" और "प्रभा" के प्रतापी संपादक तथा राष्ट्रीय काव्यधारा के उन्नायक रहे। उन्हें सागर विश्वविद्यालय से वर्ष 1959 में डी.लिट. की मानद उपाधि से विभूषित किया है। इसके साथ ही वर्ष 1955 में काव्य संग्रह हिमतरंगिणी के लिए "साहित्य अकादमी पुरस्कार और भारत सरकार से वर्ष 1963 में उन्हें पद्मभूषण से अलंकृत किया गया। पं. चतुर्वेदी का 30 जनवरी 1968 को अवसान हुआ। भोपाल में पं माखनलाल चतुर्वेदी के नाम से राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय स्थापित है।

### भारत की बात सुनाने वाली आवाज़ हो गई खामोश, अभिनेता मनोज कुमार के निधन पर उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने व्यक्त किया शोक

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने भारत के सिनेमा जगत को राष्ट्रीय चेतना और देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत करने वाले महान अभिनेता, निर्माता-निर्देशक मनोज कुमार के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि भारत की बात सुनाने वाली आवाज़ आज खामोश हो गई। उन्होंने कहा कि मनोज कुमार का निधन भारतीय सिनेमा जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपने फिल्मों के माध्यम से देशभक्ति, संस्कृति और जन चेतना को नई ऊँचाइयाँ दीं। 'उपकार', 'पूरब और पश्चिम', 'क्रांति' जैसी कालजयी फिल्मों से उन्होंने हर भारतीय के हृदय में देश के प्रति गर्व और सम्मान का भाव जगाया। वे वास्तव में 'भारत कुमार' थे। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि स्व. मनोज कुमार न केवल एक महान कलाकार थे, बल्कि एक विचारक और सच्चे राष्ट्रवादी भी थे। उनका जाना सिनेमा जगत के एक युग का अंत है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और शोकाकुल परिजनों, प्रशंसकों तथा देशवासियों को इस अपार दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### राज्य आनंद संस्थान द्वारा आनंद की ओर प्रशिक्षण का आयोजन 7 से 9 अप्रैल तक

**भोपाल।** राज्य आनंद संस्थान द्वारा 7 से 9 अप्रैल 2025 तक आरसीपीवी नरोन्हा प्रशासन अकादमी भोपाल में आनंद की ओर सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों के साथ प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। प्रशिक्षण में जन अभियान परिषद, शासकीय विभागों के अधिकारी और अशासकीय सदस्य भी शामिल होंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य आनंद संस्थान आशीष कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण में प्रदेश के कुल 50 प्रतिभागी शामिल होंगे, जिन्होंने संस्थान की वेबसाइट पर पंजीयन कराया है। उन्होंने कहा कि धन, पद, ऐश्वर्य आदि के पीछे भागकर इसके माध्यम से आनंदित रहने की संभावना कम ही है। मानव में निरंतर आनंद में रहने के लिए भौतिक सुविधा के साथ संबंध एवं समझ का होना आवश्यक है। इन तीनों के होने पर व्यक्ति स्वयं, परिवार, समाज तथा शेष प्रकृति की व्यवस्था के संगत में आनंदित होकर जी सकता है। आनंद की ओर कार्यक्रम में प्रदेश के नागरिकों को इस विषय वस्तु के बारे में जागरूक करने का प्रयास है। संस्थान द्वारा आनंदकों को इससे जोड़ा जा रहा है, जिससे उनका जीवन आनंदमयी हो और दूसरों को आनंदित रहने की दिशा में भी प्रेरित कर सकें।

### स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक

## गाडरवारा नगरपालिका में एक राष्ट्र-एक चुनाव प्रस्ताव पारित

**विजय मत, भोपाल**




स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा नगरपालिका की बैठक में सर्व-सम्मति से एक राष्ट्र-एक चुनाव के पक्ष में प्रस्ताव पारित हुआ।

बैठक में स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव का उद्देश्य भारत के लोकतांत्रिक ढाँचे को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाना है। इसका उद्देश्य लोकसभा और सभी राज्यों के विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ आयोजित करना है, ताकि समय, संसाधन और प्रशासनिक खर्चों की बचत हो सके तथा देश में विकास की निरंतरता बनी रहे। बैठक में गाडरवारा शहर के विकास और निर्माण कार्यों पर भी विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में पूर्व विधायक नरेश पाठक, श्रीमती साधना स्थापक, नगरपालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, उपाध्यक्ष एवं पार्षदगण उपस्थित थे।

### सातवां पोषण पखवाड़ा 8 से 22 अप्रैल तक

**भोपाल।** प्रदेश में व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से कुपोषण को कम करने के लिए पोषण अभियान चलाया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष पोषण अभियान के तहत पोषण को जन आंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से पोषण पखवाड़ा मनाया जाता है। इस पर सातवां पोषण पखवाड़ा 8 से 22 अप्रैल तक मनाया जाएगा। केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्रालय द्वारा जीवन के प्रथम 1000 दिवस पोषण ट्रैकर में लाभार्थी मॉड्यूल को लोकप्रिय बनाने व्यापक प्रचार-प्रसार, समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन मॉड्यूल के माध्यम से कुपोषण का प्रबंध तथा बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवन शैली को अपने पर बाल जैसे थीम पर केंद्रित विभिन्न गतिविधियों को आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## जल संरक्षण के लिए जल गंगा अभियान अंतर्गत कई गतिविधियां आयोजित

**विजय मत, भोपाल**




जल संरक्षण को लेकर भोपाल जिले में चल रहा जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 लगातार जनसहयोग से मजबूत होता जा रहा है। नगर निगम भोपाल द्वारा कलिया सोत नदी की सफाई का कार्य जारी है, जिसमें विभिन्न सामाजिक संस्थाएं भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। इन संस्थाओं द्वारा नदी को प्लास्टिक मुक्त बनाए रखने के लिए लगातार श्रमदान किया जा रहा है।

इसी क्रम में जन अभियान परिषद भोपाल के मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम से जुड़े छात्रों ने भी अभियान में सहभागिता दिखाई। गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नरेला शंकरी वार्ड क्रमांक-66 में सुजीत धौलपुरिया, संजय धौलपुरिया, गौरव धौलपुरिया, रोहित धौलपुरिया, अमित धौलपुरिया, अंश खरे एवं संदीप भारती द्वारा श्रमदान कर जल संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

वहीं, श्याम नगर वार्ड क्रमांक - 47 में स्थानीय बच्चों, स्कूल शिक्षकों, किशोर-किशोरी समूहों और नागरिकों के साथ मिलकर पोस्टर, स्लोगन और ड्राइंग जैसी रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से जल संरक्षण पर जनजागरूकता फैलाई गई।

## ओबीसी वर्ग को जनसंख्या अनुपात के अनुसार दिया जाए आरक्षण जवाब पेश नहीं करने पर हाईकोर्ट ने सरकार को फटकारा

**विजय मत, ब्यूरो, जबलपुर**



ओबीसी वर्ग को उसकी जनसंख्या के अनुपात अनुसार आरक्षण प्रदान किए जाने की मांग करते हुए जबलपुर हाईकोर्ट में दायर याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने अनावेदकों को जवाब पेश करने की अंतिम मोहलत प्रदान की है। युगलपीठ ने चेतावनी दी है कि अगली सुनवाई में जवाब पेश नहीं करने पर 15 हजार रुपये की कॉस्ट लगाई जाएगी। याचिका पर अगली सुनवाई 16 जून को होगी।

एडवोकेट यूनियन फॉर डेमोक्रेटिक एंड सोशल जस्टिस की तरफ से दायर याचिका में मांग की गई है कि प्रदेश में ओबीसी वर्ग को जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण का लाभ प्रदान किया जाए। साल 2011 की जनगणना के अनुसार मध्य प्रदेश में एससी की 15.6 प्रतिशत, एसटी की 21.14 प्रतिशत, ओबीसी की 50.9 प्रतिशत, मुस्लिम की 3.7 प्रतिशत और शेष 8.66 प्रतिशत अनारक्षित वर्ग की जनसंख्या है। प्रदेश में वर्तमान में एससी को 16 प्रतिशत, एसटी को 20 प्रतिशत और ओबीसी को 14 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है, जबकि ओबीसी वर्ग की आबादी 51 प्रतिशत है। इसलिए ओबीसी वर्ग को प्रदेश में जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण दिया जाना चाहिए।

याचिका में कहा गया था कि इंदिरा साहनी बनाम भारत संघ के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों को निर्देशित किया था कि ओबीसी वर्ग की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थितियों का नियमित रूप से परीक्षण करने के लिए स्थायी आयोग गठित किया जाए। आयोग तो बना, लेकिन ओबीसी वर्ग के उत्थान के लिए कार्य नहीं किया जा रहा है।

### विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की समावेशित शिक्षा का प्रबंध

**भोपाल।** प्रदेश में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों चिल्ड्रन विद स्पेशल नीड्स (सीडब्ल्यूएसएन) की समावेशित शिक्षा का क्रियान्वयन राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा जिला शिक्षा केन्द्रों के माध्यम से किया जा रहा है। चिन्हांकित बच्चों की प्रविष्टि केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के प्रबंध पोर्टल पर की जा रही है। प्रविष्टि के बाद इन बच्चों को उनकी आवश्यकता अनुसार सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। विशेष अभियान के अंतर्गत वर्ष 2022-23 में एक लाख 43 हजार 439, वर्ष 2023-24 में एक लाख 31 हजार 85 सीडब्ल्यूएसएन बच्चों का चिन्हांकन किया गया।

## नामांतरण के 13000 प्रकरण अकेले टीकमगढ़ में लंबित तो प्रदेश भर में यह संख्या लाखों में होगी: अवनीश बुंदेला

**विजय मत, भोपाल**




इस सच्चाई को नकारा नहीं जा सकता कि जो व्यक्ति अपनी मेहनत-खून पसीने की कमाई से अपने जीवन काल में अपने और अपने परिवार के लिए आसियाना बनाता है, इसको खरीदने में अपना पेट काटकर अपने जीवन की एक आमदनी का बड़ा हिस्सा उसमें खर्च करता है। उसकी वह अचल संपत्ति में भूमि एक ऐसी वस्तु है की जो भी व्यक्ति इसको खरीदता है उसे भूमि को सहेज के रखता है। लेकिन वर्तमान में मध्य प्रदेश में परिस्थितियां कुछ ऐसी बनी हुई हैं कि संपत्ति ख़रीदने पर लगभग 10.50 प्रतिशत पंजीयन शुल्क सरकार को देने के बावजूद भी उस व्यक्ति को नगर निगम विभाग के द्वारा जिसमें नाली, सड़क, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सरकारी सुविधाओं को लाभ उसे आसानी से नहीं मिल पाता, उस सुविधा से उसे वंचित रहना पड़ता है। जिसका एक सबसे बड़ा कारण है मध्य प्रदेश में 2022 के बाद संपत्तियों की नामांतरण उचित ढंग से नहीं हो पा रहे है। मध्य प्रदेश में संपत्तियां चाहे वह खेती की जमीन हो, रहवासी जमीन हो, मकान हो या प्लाट हो, आज की तारीख में नामांतरण प्रक्रिया एक बहुत जटिल समस्या बन गई है। आम आदमी, किसानों, मध्यमवर्गीय लोगों के लिए अपनी संपत्ति का नामांतरण कराना शिखर पर चढने के समान हो गया है। यदि अपनी पहुंच रखने वाला व्यक्ति संबंधित राजस्व निरीक्षक, पटवारी, तहसीलदार से मेल मुलाकात कर सेवा शुल्क दे देता है तो भी लगभग 2 महीने चक्कर काटने के बाद संभवतः नामांतरण हो जाता है।

**खास-खबर** पान पार्लर, बांस-बल्ली आदि सामान किया जप्त

## निगम के अतिक्रमण निरोधक अमले ने विभिन्न क्षेत्रों से हटाए अतिक्रमण

**विजय मत, भोपाल**



नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों, कॉरीडोर व सार्वजनिक स्थलों आदि से अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने सीएम हेल्पलाईन व अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निवारण तथा निगम की नियमित कार्यवाही के तहत शहर के अनेक क्षेत्रों से अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही करते हुए कूलर की दुकान, ठेले, फोल्डिंग टेबिल, बांस-बल्ली के अवैध शेड, पान की दुकान, अवैध चबूतरे, छप्पर, फर्शियां, गन्ने की चरखी, बिरयान के ठेले व अन्य अतिक्रमण हटवाकर पान पार्लर, बांस-बल्ली सहित विभिन्न प्रकार का सामान जप्त किया। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने शुक्रवार को त्रिनिटी कॉलेज, आर.टी.ओ ऑफिस, ऐशबाग स्टेडियम, करोंद शिव मंदिर, मंगलवारा से आजाद मार्केट तक, महावीर मंदिर चैक, बिट्टल मार्केट, एम.पी.नगर, डी.बी.मॉल, भरत नगर, शाहपुरा, एम.एल.बी कॉलेज, गिन्नौरी, बाग सेवनिया, राजा भोज कालोनी, जाटखेड़ी, बाग मुगालिया, लालघाटी, जैन मंदिर, गुफा मंदिर, हलालपुर बस स्टैंड, बैरागढ़, न्यू मार्केट के अंदर एवं न्यू मार्केट पोस्ट ऑफिस, अरेरा हिल्स, कोलार सौम्या चैराहा, डी-मार्ट, दानिश चैराहा, 80 फिट रोड, मण्डी गेट, शाहपुरा तक कूलर की दुकान, ठेले, फोल्डिंग टेबिल, बांस, बल्ली के अवैध शेड, पान की दुकान, अवैध चबूतरे, छप्पर, फर्शियां, गन्ने की चरखी, बिरयान के ठेले व अन्य अतिक्रमण हटवाकर 01 पान पार्लर, 12 बांस-बल्ली सहित विभिन्न प्रकार का सामान जप्त किया। निगम अमले ने पुनः अतिक्रमण न करने की समझाइश दी और चेतावनी भी दी यदि पुनः अतिक्रमण किया पाया जाता है तो और अधिक कठोर कार्यवाही की जायेगी।

### उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा पार्टी का स्थापना दिवस

## स्थापना दिवस कार्यक्रम के लिए प्रदेश स्तर पर गठित हुई टोली: भगवानदास सबनानी

**विजय मत, भोपाल**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं विधायक भगवानदास सबनानी ने बताया कि 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस प्रदेश भर में उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा। पार्टी कार्यालयों तथा कार्यकर्ताओं के निवास पर पार्टी का ध्वज फहराया जाएगा। कार्यालयों की सजावट कर मिठाई बांटी जाएगी और जिला स्तर पर प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने पार्टी के स्थापना दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों को लेकर प्रदेश स्तरीय टोली का गठन किया है। टोली के संयोजक प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी तथा सह संयोजक पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती, श्रीमति सीमा सिंह एवं प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल को बनाया है।

पार्टी के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी ने बताया कि 6 एवं 7 अप्रैल को बूथ स्तर पर और 8-9 अप्रैल को मंडल व विधानसभा स्तर पर नए प्राथमिक सदस्यों के सम्मेलन आयोजित होंगे। सम्मेलनों में भारतीय जनता पार्टी की चुनावी सफलता, संगठनात्मक विस्तार, भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाया गया परिवर्तन एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत की ओर यात्रा विषयों पर संबोधन होगा। पार्टी के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी ने बताया कि 7 अप्रैल से 13 अप्रैल के बीच पार्टी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि ''गांव-बस्ती चलो अभियान÷ के अंतर्गत पूरे दिन गांव, मोहल्ला या सेवा बस्ती का दौरा कर मंदिर, अस्पताल, स्कूल एवं गलियों में स्वच्छता अभियान में भाग लेंगे। विभिन्न योजनाओं के 10 लाभार्थियों से मिलकर उनसे बातचीत कर आंगनवाड़ी केंद्र, स्कूल, पशु चिकित्सालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं पंचायत कार्यालय का दौरा कर जल संरचनाओं की सफाई में सहभागिता करेंगे। कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी के झंडे लेकर गलियों में यात्रा निकालेंगे। संध्या के समय स्थानीय निवासियों की चौपाल का आयोजन कर विभिन्न समुदाय के नेताओं एवं प्रतिष्ठित व्यक्तियों के निवास पहुंचकर भेंट करेंगे। वरिष्ठ पार्टी कार्यकर्ताओं, मीसा बंदियों तथा कारसेवकों का सम्मान कर बूथ समितियों की बैठक में शामिल होंगे।

## न्यूज इन शॉर्ट



### प्राईवेट विद्यालय के संचालन संबंधी बैठक कलेक्टर ने ली

शहडोल। कलेक्टर डॉ केदार सिंह की उपस्थित में कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में जिले के प्राईवेट विद्यालयों में फीस वृद्धि संबंधित बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने प्राईवेट विद्यालय के संचालकों को निर्देश दिए हैं कि विद्यालय में फीस की वृद्धि शासन के नियमानुसार एवं समिति की शर्तो के अनुरूप ही बढ़ाना सुनिश्चित करें। उन्होनें कहा है कि किसी भी विद्यालय में फीस की वृद्धि मनमाने तरीके से नहीं होनी चाहिए। बैठक में कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि जिले में जितने भी प्राईवेट विद्यालय हैं उनकी सतत रूप से जांच की जाए। जांच के दौरान विद्यालयों में छात्रों को दी जाने वाली सुविधाओं की जांच की जाए। इसे साथ ही कलेक्टर ने जिले में संचालित समस्त प्राईवेट विद्यालयों में ली जाने वाली फीस की भी जानकारी ली।बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री फूल सिंह मारपाची, जिला कोषालय अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### जल गंगा संवर्धन अंतर्गत ग्राम पंचायत साबों में लगाई गई चौपाल



शहडोल। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहडोल जिले में 30 जून 2025 तक जल को सहेजने, संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जल संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के समस्त जनपद पंचायत के ग्राम पंचायतो में जल गंगा संवर्धन अभियान में लोगों ने उत्साह एवं उमंग के साथ जल का महत्व समझते हुए श्रमदान कर अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। जिसके तहत ग्राम पंचायत साबों में चौपाल लगाकर ग्राम वासियों को जल संरक्षण के विषय में बताया गया और अधिक से अधिक जल को संरक्षित करने का तरीका बताया गया साथ ही अधिक से अधिक पौधे लगाने का भी संदेश दिया गया। चौपाल में नवांकुर संस्था मातृ शक्ति महिला मण्डल से मीनू जैन, पेंटर आनन्द यादव, कैलाश पाण्डेय, दीप्ति पाण्डेय और बी.एस. डब्ल्यू, एम एस डब्ल्यू, के छात्र व महिलाएं उपस्थित रहीं।

### सर्व हिंदू समाज द्वारा आज निकाली जाएगी रामरथ शोभा यात्रा

शहडोल। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आज शनिवार को भव्य रामरथ शोभायात्रा सर्व हिंदू समाज द्वारा आज अपरान्ह 3:00 बजे निकली जाएगी।यात्रा जय स्तंभ चौक से निकालकर राजेंद्र टॉकीज चौक,गांधी चौक,जैन मंदिर होते हुए राम मंदिर धाम में यात्रा का समापन किया जाएगा।

### करोड़ों के सड़क निर्माण पर नियमों को किया जा रहा नजर अंदाज

धनपुरी। 31 मार्च को एसईसीएल सोहागपुर एरिया का वार्षिक कोयला उत्पादन पूरा हुआ जो कि कोयला खदानों में काम करने वाले कर्मचारियों के अथक प्रयास का नतीजा था वैसे भी अगर देखा जाए तो कोयला उत्पादन के साथ-साथ विकास कार्यों को भी प्रबंधन की ओर से प्राथमिकता दी जा रही है और वर्षो से जो समस्याएं श्रमिक कॉलोनी में नजर आती थी उनका समाधान भी किया जा रहा है लेकिन इन सब बातों के बीच अगर देखा जाए तो सबसे अधिक सवाल इस बात को लेकर उठती है कि विकास कार्यों के नाम पर तो करोड़ों रुपए वेलफेयर फंड से खर्च किए जा रहे हैं लेकिन इन निर्माण कार्यों में जो नियम होने चाहिए उसकी जो गुणवत्ता देखी जानी चाहिए वह दूर-दूर तक नजर नहीं आती यही कारण है कि करोड़ों रुपए खर्च हो जाते हैं विकास कार्यों के नाम पर लेकिन समस्याएं जस की तस कुछ समय बाद नजर आने लगती है। दरअसल वर्तमान समय पर अगर देखा जाए तो एसईसीएल सोहागपुर एरिया की सबसे बड़ी श्रमिक कॉलोनी संजय नगर जहां पर विकास कार्यो को लेकर वर्तमान समय पर काम किया जा रहा है और पूरी कॉलोनी में लगभग एक करोड़ से भी अधिक की लागत खर्च करके डामरी करण सड़क का निर्माण किया जा रहा है इस निर्माण कार्य से यहां की समस्या का निराकरण तो किया जा रहा है लेकिन जैसा निर्माण कार्य किया जा रहा है समस्या का निदान कितने दिनों तक रहेगा इस बात को कहा नहीं जा सकता कहने को तो सड़क निर्माण की गुणवत्ता अच्छी रहे इसकी देखरेख का जिम्मा सिविल विभाग का है और सिविल विभाग अपनी जिम्मेदारियो का निर्वहन कितना कर रहा है ।

### मोहिनी जलाशय के नहर में किया गया साफ-सफाई का कार्य



शहडोल । कलेक्टर डॉ केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले में 30 जून 2025 तक जल को सहेजने, संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जल संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के समस्त जनपद पंचायत के ग्राम पंचायतो में जल गंगा संवर्धन अभियान में लोगों ने उत्साह एवं उमंग के साथ जल का महत्व समझते हुए श्रमदान कर अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। इस अभियान के अंतर्गत आज जनपद पंचायत जयसिंहनगर अंतर्गत मोहिनी जलाशय के नहर में साफ-सफाई का कार्य किया गया तथा जल संरक्षण का संदेश दिया गया।

---

**आज शनिवार को महाअष्टमी के अवसर पर माँ विराटेश्वरी के दरबार में महाआरती का होगा भव्य आयोजन**

# विराटेश्वरी धाम में महाअष्टमी की आरती, नवमीं को विशेष श्रृंगार ,विशाल भंडारा, जवारा विसर्जन का होगा आयोजन

**विजय मत, शहडोल।**

नगर के हृदय स्थल स्थित श्री विराटेश्वरी धाम दुर्गा माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर महाष्टमी महाआरती का भव्य आयोजन होने जा रहा है श्री दुर्गा माता सेवा समिति के सेवादार विनय केवट ने जानकारी देते हुए शुक्रवार को बताया है कि हिंदू नव वर्ष शुक्ल प्रतिपदा चैत्र नवरात्रि के नौदिनी महापर्व के पावन अवसर पर चैत्र नवरात्रि महाष्टमी के दिन माँ भगवती की महाआरती का आयोजन किया जा रहा है इस संदर्भ में जानकारी देते हुए मंदिर के मुख्य पुजारी श्री आशीष राज तिवारी व श्री जयंतराज तिवारी ने बताया है कि चैत्र नवरात्रि के अवसर पर प्रथम दिन से ही जगत जननी मां भगवती की भव्य पूजा अर्चना मंदिर के पुजारी व भक्तों द्वारा जल चढ़ाकर एवं प्रसाद का भोग लगाकर पूर्ण भाव भक्ति के साथ माता की आराधना की जा रही है ।

**काली खप्पर नृत्य 8 अप्रैल को**

उन्होंने बताया कि नौदिनी महापर्व के अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर माँ विराटेश्वरी जी की महाअष्टमी की महाआरती का भव्य



आयोजन दिनांक 5/4/ 2025 दिन शनिवार किया जाएगा एवं 6 अप्रैल दिन रविवार को महानवमी के अवसर पर विशेष श्रृंगार मां भगवती का किया जाएगा व 7 अप्रैल दिन सोमवार को मां विराटेश्वरी के दरबार में विशाल भंडारे का आयोजन होगा तो वहीं 8 अप्रैल दिन मंगलवार को मां विराटेश्वरी के दरबार में ढोल नगाड़े की थाप पर काली खप्पर नृत्य के साथ भव्य जवारा जुलूस आयोजन किया जाएगा मां भगवती के जवारे नगर का भ्रमण करते हुए स्थानीय मोहन राम तालाब में विसर्जित किए जाएंगे इस अवसर पर आप सभी माता रानी के भक्तगणों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में मां भगवती के दरबार में पहुंचकर महाअष्टमी आरती, नवमी विशेष श्रृंगार ,विशाल भंडारा, जवारा जुलूस में शामिल होकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करें एवं अपने जीवन को धन्य बनाएं।

**भक्तो के लिये सभी व्यवस्थायें निःशुल्क**

वही बताया गया कि इस अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री दुर्गा माता सेवा समिति के द्वारा समिति की ओर से मंदिर आने वाले भक्तों के लिए सभी व्यवस्था निशुल्क है , जूता चप्पल एस्टेंड ,मोटर साइकिल स्टैंड ,नारियल तोड़ने ,पानी ,लाइट , प्रसाद वितरण ,भक्तो के कथा पूजन के बाद साफ सफाई ,अष्टमी को महा आरती के बाद महाप्रसाद वितरण किया किया जाएगा।

श्री दुर्गा माता सेवा समिति के सेवादार मंदिर के पुजारी जयंतराज तिवारी, आशीषराज तिवारी, अंकितराज तिवारी, गीतेशराज तिवारी, मनीषराज तिवारी ,विकास तिवारी, एवं श्री दुर्गा माता सेवा समिति के संरक्षक श्री नारायण पांडे,श्री अशोक मिश्रा , नंदकिशोर, रामचन्द्र,चेलानी,अध्यक्ष श्री पुरुषोत्तम दास गुप्ता ,अनिल सैनी भालू ,देवेंदर द्विवेदी,विनय केवट , राजेश त्रिपाठी ,अजय,विकाश तिवारी श्रीवास्तव ,मृगेंद्र सिंह, देवेंद्र गुप्ता, राकेश यादव, रवि शंकर गौतम, राहुल श्रीवास, आलोक खटोर ,सोमू गुप्ता, गोलू सोनी, शुभम अग्निहोत्री, शिवम दुबे ,शुभम दुबे, विद्याचरण उपाध्याय, , रामकिशोर केवट, रवि केवट ,जतिन मंगलानी, गौतम राज , लवली, आकाश चौधरी अज्जू विश्वकर्मा के सेवादार हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अपनी सेवाएं निरंतर 30 सालों से माता के दरबार में दे रहे हैं।

---

# एक राष्ट्र एक चुनाव के जनमत संग्रह अभियान में शहडोल भाजपा को मिल रहा व्यापक जन समर्थन

**विधायक मनीषा सिंह एवं भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा की उपस्थिति में सैकड़ो छात्राओं ने समर्थन प्रस्ताव दिया**

**विजय मत, शहडोल।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी द्वारा द्वारा देश भर में एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन में विचार संगोष्ठी एवं सम्मेलन के माध्यम से कराई जा रहे हैं जनमत संग्रह के अभियान में शहडोल जिला मध्य प्रदेश में सबसे अब्बल हो गया है।जिला भाजपा की अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा के नेतृत्व में कार्यक्रम के संयोजक एवं हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता हर्षवर्धन सिंह तथा सहसंयोजक एडवोकेट चंद्रेश द्विवेदी के अथक प्रयास से लगातार परिचर्चा एवं संगोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है जिसके परिणाम स्वरूप 145 प्रस्ताव एक राष्ट्रीय चुनाव के समर्थन में पार्टी के पास आ चुके हैं।कॉलेज स्कूल ऑन स्थानीय निकायों ग्राम पंचायत जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत से भी समर्थन प्रस्ताव आ रहे हैं।

शुक्रवार को स्थानीय शासकीय इंदिरा गांधी कन्या गृह विज्ञान महाविद्यालय में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती






अमिता चपरा कार्यक्रम संयोजक हर्षवर्धन सिंह, सहसंयोजक चंद्रेश द्विवेदी के साथ ही कार्यक्रम के अध्यक्ष महाविद्यालय के प्राचार्य एवं पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति डॉक्टर मुकेश तिवारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम का सफल संचालन सेवानिवृत्ति मुख्य नगर पालिका अधिकारी रवीकरण त्रिपाठी ने किया।इस मौके पर सैकड़ो छात्राओं ने एक राष्ट्र चुनाव के संबंध में समर्थन प्रस्ताव दिया गया।उक्त कार्यक्रम को मुख्य अतिथि विधायक मनीष सिंह जिला भाजपा अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा कार्यक्रम संयोजक हर्षवर्धन सिंह सहसंयोजक चंद्रेश द्विवेदी एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर मुकेश तिवारी ने संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने एक राष्ट्र एक चुनाव के संबंध में विचार व्यक्त करते हुए कहा कि लोकसभा विधानसभा स्थानीय निकाय एवं ग्राम पंचायत के चुनाव अलग-अलग होने से जहां एक और सरकार पर करोड़ों रुपए का आर्थिक बोझ बढ़ता है वहीं दूसरी ओर सरकारी कर्मचारियों अधिकारियों की ड्यूटी लगने से शासकीय कार्य प्रभावित होता है। शिक्षकों की ड्यूटी लग जाने से विद्यार्थियों की पढ़ाई पर बुरा असर होता है।बार-बार चुनाव के खर्च के राजनीतिक दलों एवं नेताओं द्वारा काले धन का उपयोग किया जाकर चुनाव जीतने के बाद कई गुना अधिक धन अर्जित करने हेतु भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जाता है। सरकार के मंत्रियों की चुनाव में बार-बार व्यस्तता की वजह से सरकारी नीतियो को बनाने में विलंब होता है।वक्ताओं ने कहा कि देश की आजादी के बाद 1954 से 1967 तक एक राष्ट्र एक चुनाव का परिपालन किया जाता रहा है परंतु बाद में कुछ कारणों से अलग-अलग चुनाव होने लगे और देश के ऊपर करोड़ों रुपए का भार बढ़ गया।

वक्ताओं ने यह भी बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर कराए गए जनमत संग्रह में 95 प्रतिशत लोगों ने एक राष्ट्र एक चुनाव को समर्थन दिया है साथ ही ज्यादातर राजनैतिक दलों ने भी इस पर अपनी सहमति दी है।

---



### काले बादलों ने बढ़ाई किसानों की चिंता, खेतो में खड़ी है गेहूं की पकी फसल

**विजय मत, शहडोल।**

चार दिन से आसमान में छाए काले बादलों ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। रबी फसल की कहां कटाई चल रही है तो कहीं कटने के बाद फसल खलिहान में रखी है। है। ऐसे में बारिश का ओले पड़े तो किसानों की पहुंचेगा। नुकसान इसे लेकर किसानों के माथे में चिंता की लकीरें खिंचने लगी हैं। किसानों का कहना है कि बारिश व ओला पड़ने से पकी हुई फसल की गुणवत्ता प्रभावित होगी, वहीं सब्जियों के उत्पादन पर भी इसका असर पड़ेगा।

**पहले हो चुका है नुकसान**

समूचे क्षेत्र में किसान गेहूं की खेती बड़े पैमाने पर करते हैं माना जाता हैं कि गेहूं की पैदावार के लिए यहां की जमीन उपजाऊ हैं। इसलिए हजारों हेक्टेयर में गेहूं फसल बोई गई हैं। पिछले दिनों हुई बेमौसम बरसात से पहले ही फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। अब समय से कटाई नहीं होने से फसल को और नुकसान पहुंचने की आशंका है।

**काले पड़ जाएंगे दाने, सब्जियों को नुकसान**

किसानों का कहना है कि बारिश होती है या फिर ओले पड़ते हैं तो उन्हे नुकसान उठाना पड़ सकता है। बारिश की वजह से गेहूं व चना के फसल की गुणवत्ता प्रभावित होगी। दाने काले पड़े जाएंगे, जिससे दाम कम मिलेंगे। ओले पड़ने से पकी हुई फसल खेत में झड़ जाएगी। वहीं इससे सब्जियों की उत्पादकता प्रभावित होगी।

**फसलों को ढकने में लगे किसान**

शुक्रवार को भी आसमान में घने बादल छाएं। खराब मौसम को देखते किसान कटी फसलों को एकत्रित करने व उन्हें तिरपाल से ढकने में व्यस्त रहे। इससे बाजार में प्लास्टिक तिरपाल की बिक्री खूब हुई। किसान समरथ बैगा ने बताया कि चार माह की कड़ी मेहनत बाद किसान फसलों को लेने में लगे है।

---

### कलेक्टर ने किया वेयरहाउस का आंतरिक निरीक्षण

**विजय मत, शहडोल।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. केदार सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित ई.व्ही.एम. व्ही. व्ही.पी.ए.टी वेयरहाउस का आंतरिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



---

### 11 अवैध प्लाटिंग को सरकारी प्रबंधन में लेने हेतु समिति गठित, आदेश जारी

**विजय मत, शहडोल।**

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह ने तहसील सोहागपुर अंतर्गत 11 अवैध प्लाटिंग को सरकारी प्रबंधन में लेने का आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी सोहागपुर में विचाराधीन 11 प्रकरणों में कृषि भूमि को भूखण्डों में विभक्त कर विक्रय किया गया है जो की विहित धाराओं के तहत अवैध प्लाटिंग के संबंध मे नियम एवं विहित प्रावधानानुसार प्रबंधन मे लिये जाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सोहागपुर, सहायक यंत्री लोक निर्माण विभाग शहडोल व संबंधित ग्राम पंचायत सचिव की त्रिस्तरीय प्रबंधन समिति का गठन करते हुए संबंधित को प्रबंधक नियुक्त किया गया है।त्रिस्तरीय प्रबंधन समिति व्दारा प्रश्नाधीन आराजी को प्रबंधन में दर्ज किया जाना,पंजीयन कार्यालय में प्रबंधन से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किये बिना पंजीयन एवं अन्तरण न किये जाने हेतु आदेश जारी करना। उक्त प्रबंधन समिति उपरोक्त भूमियों के अभिलेख में नियमानुसार म.प्र. शासन दर्ज कराने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करेगी, संबंधित तहसीलदार पंजीयक शासन के नियमानुसार अनुमति/अनुज्ञा के भूमियों का पंजीयन व अन्तरण पर रोक लगाना।

जारी आदेष में कहा गया है कि जिन 11 अवैध प्लाटिंग के प्रकरण है उनमें ग्राम पोंगरी,पचगांव, वासिन वीरान,कल्याणपुर, पिपरिया,छतरपुर,जमुआ, वासिन वीरान, चांपा, कुदरी के नाम शामिल है।

---

**अव्यवस्था**

**जिला अस्पताल के डॉक्टर देरी से बैठते हैं इसलिए देर से शुरू हो पाती है जांच, मरीज परेशान**

# पैथोलॉजी में खून जांच की रिपोर्ट लेने इंतजार की मजबूरी

**विजय मत, शहडोल।**

जिला चिकित्सालय हमेशा ही स्वास्थ्य सुविधाओं में लापरवाही का मुद्दा बना रहता हैए कभी मरीजों के व्यवस्थित इलाज के लिए तो कभी वहां की व्यवस्थाओं के लिए। हम बात कर रहे हैं जिला चिकित्सालय के पैथोलॉजी सेंटर कीए जहां लोगों को खून जांच का रिपोर्ट समय पर नहीं मिलने के कारण उन्हें इलाज करने में अनेक दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बता दें कि लंबे समय से जिला अस्पताल में रक्त की जांच कराने वालों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। हालत यह है कि रिपोर्ट समय पर मिल पाती हैए जिसके कारण मरीजों को इलाज कराने में काफी परेशानी हो रही है।

गौरतलब है कि शासन की ओर से जिला अस्पताल में 100 से अधिक प्रकार की जांचों की सुविधा को शुरू कराया हैए लेकिन यह जांच होने के बाद समय पर रिपोर्ट मिल जाए यह काम बड़ा मुश्किल है। एक तो डाक्टर देरी से नि ओपीडी में



बैठते हैंए जिसके कारण जब मरीज डाक्टर को दिखाने के बाद जांच कराने जाता है तो उसे जांच कराते इतना समय लग जाता है कि उसको रिपोर्ट ही समय पर नहीं मिल पाती।

**'रिपोर्ट देने का समय पांच से सात बजे'**

जानकारी के अनुसार रिपोर्ट देने का समय शाम को पांच बजे से सात बजे तक का रखा गया है। शाम को जब डाक्टर ओपीडी में मिलते ही नहीं हैं तो ऐसे में मरीज उस रिपोर्ट को लेकर वापस अपने घर चला जाता है और फिर दूसरे दिन वह रिपोर्ट लेकर फिर अस्पताल आता है। तब जाकर उनका इलाज हो पता है।

**'दूर दराज से आने वाले मरीजों को सबसे ज्यादा परेशानी'**

जो मरीज ग्रामीण क्षेत्र एवं दूर दराज क्षेत्रों से आते हैं उन्हें सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्राम पंचायत पपौध निवासी फूलसुखिया भाई ने बताया कि उसे पिछले कुछ दिनों से बुखार आ रहा है तथा डॉक्टर ने उन्हें रक्त जांच हेतु पर्ची लिखी है और मैं पैथोलॉजी में रक्त जांच का सैंपल जांच हेतु दिया हैए परंतु पैथोलॉजी वालों ने रिपोर्ट शाम को देने को कहा है और मेरी दोपहर में बस है। ऐसे मुझे कल वापस आना पड़ेगा रिपोर्ट लेने के लिए? और इसी प्रकार अन्य लोगों ने भी अपनी व्यथा सुनाई।

**'पैथोलॉजी में कर्मचारी करते हैं टाइम पास'**

स्थानीय लोगों तथा जिला अस्पताल के कुछ कर्मियों ने बताया कि जांच करने वाले लैब टेक्नीशियन अंदर एसी में बैठकर मोबाइल चलाने में अपना समय बिताते हैं। इस बात से जांच और फिर रिपोर्ट तैयार होने में समय लग जाता है। उन कर्मचारियों की मंशा होती है कि शाम को ही मरीजों का रिपोर्ट मिलेए जिससे वह अपने सुविधा के अनुसार कार्य कर सकें। ?

**'व्यवस्था सुधारने की आवश्यकताए समय पर मिले रिपोर्ट'**

शहडोल जिले के लोगों की मांग है कि जिला चिकित्सालय के पैथोलॉजी की व्यवस्था सुधारी जाए। पैथोलॉजी में मरीजों की गंभीरता और संवेदनाओं को दृष्टिगत रखते हुए समय पर पैथोलॉजी के जांच रिपोर्ट मरीजों को मुहैया कराया जाए जिससे लोगों को समय पर समुचित इलाज प्राप्त हो सके तथा लोग स्वस्थ होकर अपने घर जा सके उन्हें परेशानियों का सामना न करना पड़े। लोगों का कहना है कि पैथोलॉजी में पदस्थ कर्मचारियों मनमानी धीरे.धीरे बढ़ती जा रही हैए इस पर रोक लगाने की आवश्यकता हैए जिससे लोगों को सुविधा मिल सके।

## प्रीमियर लीग फुटबॉल



लंदन में प्रीमियर लीग फुटबॉल में चेलेसा और टोटेनहेम के बीच हुए मुकाबले में भाग लेते हुए खिलाड़ी।

# घरेलू टीमों के अनुसार बनायी जानी चाहिये पिचः आकाश चोपड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लगी आईपीएल में जहां कई टीमों ने पिच को लेकर सवाल उठाये हैं। वहीं पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि घरेलू टीमों को अपने अनुसार पिच बनवाने का अधिकार होना चाहिये। उन्होंने कहा कि यह घरेलू टीमों को मिलने वाले लाभ का एक अहम हिस्सा है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हर घरेलू टीम को यह तय करने का अधिकार होना चाहिए कि वे किस तरह की पिच चाहते हैं, उन्हें ये मांग करनी चाहिए, और मुझे लगता उन्हें यह मिलना चाहिए क्योंकि घरेलू लाभ वास्तविक है, और यह केवल दो रूपों में आता है। एक वह पिच जिसे आप चुनते हैं और दूसरा अपने प्रशंसकों का समर्थन। इसके अलावा यह एक दूर का खेल है जो दूसरी टीम को भी मिलता है।



चोपड़ा ने का यह भी मानना था कि पिच किसी टीम के प्रदर्शन के लिए सबसे अहम कारक है, यहां तक कि भीड़ के समर्थन से भी ज्यादा। उनका मानना है कि अगर पिच की स्थिति आपके खिलाफ है, तो टीम की पूरी खेल योजना पर पानी फिर सकता है। उन्होंने कहा, सबसे जरुर बात यह है कि वे किस पिच पर खेलने जा रहे हैं। ऐसे में दर्शकों की भीड़ मायने नहीं रखती। साथ ही कहा कि अगर आप पिच को हटा देते हैं, तो मुझे लगता है कि पूरी योजना खराब हो जाएगी।

इससे पहले कोलकाता नाइट राइडर्स के मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित ने कहा है कि ईडन गार्डन्स में पिच तैयार करने पर उनकी टीम का बहुत कम या कोई प्रभाव नहीं है। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने भी कहा कि उनकी टीम को घरेलू पिच पर लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि उन्हें हाल के सत्रों में अपने घरेलू पिचों को समझने में परेशानी आई। इसके अलावा लखनऊ सुपर जायंट्स के कोच जहीर खान ने भी कहा कि पिच उनके अनुसार नहीं थी।

## टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने से उत्साहित हैं डफी



**हैमिल्टन।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी इससे बेहद उत्साहित हैं। इस खिलाड़ी ने ताजा रैंकिंग में 4 स्थान की छलांग लगाकर वानिंदु हसरंगा, आदिल राशिद, वरुण चक्रवर्ती और अकील होसेन जैसे खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया है। डफी को पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज में अच्छे प्रदर्शन का लाभ मिला है। डफी ने अब तक केवल 23 मैच ही खेले हैं। डफी ने कहा कि आईसीसी रैंकिंग में जगह मिलना बेहद सम्मान की बात है। डफी ने पांच साल पहले दिसंबर 2020 में पाकिस्तान के खिलाफ ऑकलैंड में अपना टी20 डैब्यू किया था। इस गेंदबाज ने अब तक 23 टी20 अंतरराष्ट्रीय में 32 विकेट लेकर रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है। डफी इसी के साथ ही साल 2018 में स्पिनर ईश सोढ़ी के बाद रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले न्यूजीलैंड के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। , जो पहले शीर्ष स्थान पर थे। पिछले कुछ समय में डफी मैट हेनरी और काइल जैमीसन जैसे नियमित खिलाड़ियों के नहीं होने पर एक प्रभावशाली तेज गेंदबाज के रूप में उभरे हैं। हाल ही में हुई टी20 सीरीज में उन्होंने 8.38 की औसत से अपने 5 मैचों में 13 विकेट लिए हैं। वह पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं, जिन्होंने अब तक 2 मैचों में 5 विकेट लिए हैं।

# आईपीएल में आज होगा सीएसके और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबला

**चेन्नई, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शनिवार को चेन्नई सुपर (सीएसके) अपने घरेलू मैदान पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। इस मैच में जीत के लिए हालांकि सीएसके के बल्लेबाजों और गेंदबाजों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। यहां की पिच स्पिनर की सहायक रही है, ऐसे में स्पिनरों की भूमिका अहम रहेगी। दोनो ही टीमों के पास अच्छे स्पिनर हैं। दिल्ली के स्पिनर कुलदीप यादव और चेन्नई सुपर किंग्स के पास अनुभवी आर अश्विन हैं। बीच के ओवरों में इन दोनों ही स्पिनरों पर काफी कुल निर्भर करेगा। वहीं अगर बल्लेबाजी की बात करें तो दिल्ली कैपिटल्स के पास फाफ डु प्लेसी, केएल राहुल, आशुतोष शर्मा, विप्रज निगम और कप्तानी अक्षर पटेल जैसे खिलाड़ी हैं।

### दोपहर 3:30 बजे से होगा मुकाबला




वहीं दूसरी ओर सीएसके की बल्लेबाजी कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के अलावा ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और शिवम दुबे पर आधारित रहेगी। अनुभवी बल्लेबाज महेन्द्र सिंह धोनी इस मैच में भी निचले क्रम पर ही उतरेंगे क्योंकि हाल में टीम के कोच ने कहा था कि वह लंबे समय तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते।

ऐसे में शिवम और जडेजा को तेजी से रन बनाने होंगे। टीम के सलामी बल्लेबाज राहुल त्रिपाठी अब तक तेज गेंदबाजों के सामने सहज नहीं दिखे। पारी की शुरुआत में वह भी वह विफल रहे। दिल्ली की टीम को अनुभवी फाफ डु प्लेसी से लाभ मिल सकता है।

### दोनों ही टीमें इस प्रकार हैं

**चेन्नई सुपर किंग्स**-रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी, रवींद्र जडेजा, शिवम दुबे, मथीशा पथिराना, नूर अहमद, रविचंद्रन अश्विन, डेवोन कॉनवे, सैयद खलील अहमद, रचिन रवींद्र, राहुल त्रिपाठी, विजय शंकर, सैम कुरेन, शेख राशिद, अंशुल कंबोज, मुकेश चौधरी, दीपक हुडा, गुरजनप्रीत सिंह, नाथन एलिस, जेमी ओवरटन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्णन घोष, श्रेयस। गोपाल, वंश बेदी, आंद्रे सिद्दार्थ।

**दिल्ली कैपिटल्स**-अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), जेक फ्रेजर-मैकगर्क, करुण नायर, फाफ डु प्लेसी, डोनोवन फरेरा, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स (विकेटकीपर), समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, दर्शन नालकंडे, विप्रज निगम, अजय मंडल, मनवंत कुमार, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, मिशेल स्टार्क, टी नटराजन, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, दुष्मंथा चमीरा, कुलदीप यादव।

# आईपीएल के कारण बना हूं बेहतर बल्लेबाजः सुदर्शन

**बेंगलुरु, एजेंसी**



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गुजरात टाइटंस की ओर से खेल रहे युवा सलामी बल्लेबाज बी साई सुदर्शन ने कहा है कि विपरीत हालातों में बल्लेबाजी से उन्हें लाभ हुआ है। सुदर्शन ने कहा कि इससे उन्हें बेहतर बल्लेबाज बनने में सहायता मिली है। सुदर्शन का इस सत्र में प्रदर्शन अच्छा रहा है वह अब तक अपनी टीम की ओर से सबसे अधिक 186 रन बनाने में सफल हुए हैं। उनकी अच्छी पारी से ही टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के जीत दर्ज करने में सफल रही है।

सुदर्शन ने से कहा, 'वह पिछले चार साल से आईपीएल खेल रहे हैं। मुझे लगता है कि इससे मुझे काफी अनुभव मिला है। इसके कारण ही मुझे कठिन हालातों में खेलने का अवसर मिला है क्योंकि गुजरात टाइटंस की तरफ से खेलते हुए मुझे नेट्स में मुझे काफी तेज गेंदबाजी का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि सबसे अहम चीज जिसने मेरे खेल को बेहतर बनाने में मदद की है, वह खेल का समय है जो मुझे यहां मिलता है और टाइटंस के साथ मुझे अंतरराष्ट्रीय स्तर के गेंदबाजों के साथ अभ्यास का अवसर भी मिलता है।

## कमिंस ने हार के लिए खराब फील्डिंग को जिम्मेदार बताया

**कोलकाता।** सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान और ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस इस बार आईपीएम में अपनी टीम के खराब प्रदर्शन से निराश हैं। सनराइजर्स टीम को कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ मुकाबले में भी हार का सामना करना पड़ा है। ऐसे में कमिंस की चिन्ताएं भी बढ़ गयीं। टीम की लगातार तीसरी हार के बाद कमिंस ने कहा कि हमारा समय ठीक नहीं चल रहा। विकेट अच्छा था पर टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी भी उम्मीद के अनुसार नहीं रही। साथ ही कहा कि हमारी फील्डिंग भी कमजोर रही जिससे भी टीम को नुकसान हुआ। अब हमें हालातों के अनुसार खेलना होगा। इसके साथ ही ये भी देखना होगा कि पिछले मैचों में हमने कहां गलतियां की हैं। हमारे बल्लेबाज काफी अच्छे हैं, पर हमें सही विकल्प रखने होंगे।

# बिजनेस

### शेयर बाजार गिरावट पर बंद

# सेंसेक्स 931 अंक नीचे आया निफ्टी भी 345 अंक टूटा

**मुम्बई, एजेंसी**

भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को भारी गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। इसके अलावा निवेशकों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के भारत सहित 180 देशों पर टैरिफ लगाने के बाद संभावित ट्रेड वॉर की आशंकाओं को देखते हुए सतर्कता बरती। जिससे भी बाजार नीचे आया। इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 930.67 अंक करीब 1.22 फीसदी नीचे आकर 75,364.69 पर बंद हुआ।

### निवेशकों को 10 लाख करोड़ रुपये का नुकसान



वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी अंत में 345.65 अंक तकरीबन 1.49 फीसदी की बड़ी गिरावट के साथ 22,904.45 पर बंद हुआ। इस दौरान निफ्टी मेटल, ऑटो, आईटी और फार्मा शेयरों में 2.17 प्रतिशत तक की गिरावट रही। बैंक और वित्तीय शेयरों में हालांकि बढ़त रही। आज बाजार में गिरावट से निवेशकों को काफी नुकसान हुआ है। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का बाजार पूंजीकर घटकर 4,03,83,671 करोड़ रुपये पर आ गया। वहीं यह गुरुवार को बाजार बंद होने के बाद 414,16,218 करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों के कुल मिलाकर 10,32,547 करोड़ रुपये डूब गये। इससे पहले गुरुवार को भी बाजार में गिरावट रही थी। आईटी इंडेक्स में गिरावट के चलते बाजार नीचे आया था। हालांकि, फार्मा और बैंकिंग स्टॉक्स में खरीदारी से बाजार में निचले स्तरों से रिकवरी हुई थी। घरेलू बाजार में गिरावट का एक कारण रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों का नीचे आना रहा है। रिलायंस के शेयर आज बीएसई पर 4 फीसदी से अधिक टूकर 1,195.75 रुपये के दिन के निचले स्तर पर आ गए। रिलायंस के अलावा कई अन्य लार्जकैप शेयरों में भी बिकवाली रही। टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, एलएंडटी, इंडसइंड बैंक, सन फार्मा, टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, एचसीएल टेक, इंफोसिस, टीसीएस, मारुति सुजुकी, एनटीपीसी, एशियन पेंट्स और टाइटन के शेयरों में भी 1 फीसदी से 6 फीसदी तक की गिरावट आई।

# घरेलू और विदेशी बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट

### सोने का भाव 89,350 रुपए, चांदी 92,600 रुपए के करीब

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश के सराफा बाजार और विदेशी बाजारों में भी शुक्रवार को सोने-चांदी के भाव में नरमी देखने को मिल रही है। घरेलू बाजार में शुक्रवार को दोनों के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। इस समय सोने के वायदा भाव 89,350 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे, जबकि चांदी के भाव 92,600 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के भाव काफी बढ़ने के बाद तेजी से गिर रहे हैं। जानकारों के मुताबिक इसकी वजह मुनाफावसूली है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉनट्रेक्ट 606 रुपये की गिरावट के साथ 89,451 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 90,057 रुपये था। इस समय यह कॉन्ट्रेक्ट 715 रुपये की गिरावट के साथ 89,342 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रेक्ट 299 रुपये की गिरावट के साथ 94,100 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 94,399 रुपये था। चांदी के वायदा भाव ने इस साल 1,01,999 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। लेकिन बाद में इसके भाव गिर गए। चांदी की शुरुआत सुस्त ही हुई। कॉमेक्स पर सोना 3,138 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,121.70 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 6.10 डॉलर की गिरावट के साथ 3,115.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव 3,196.60 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 31.92 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 31.97 डॉलर था। इस समय यह 0.38 डॉलर की गिरावट के साथ 31.59 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।



# ट्रंप के कदम से अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर होगा नुकसानः रघुराम राजन

### अमेरिकी उत्पादों के लिए विदेशी बाजार में अधिक मुश्किल होगी

**मुम्बई, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा 60 देशों पर लगाए गए टैरिफ के संकेतों ने वैश्विक व्यापार समुदाय को हिला दिया है। इसके बाद भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने एक कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ट्रंप के इस कदम से सबसे बड़ा असर अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। राजन ने बताया कि ट्रंप का इस दौरे को खुद से नुकसान पहुंचाने जैसी क्रिया समझा जा सकता है। अमेरिकी उत्पादों के लिए विदेशी बाजार में अधिक मुश्किल होगी। पारंपरिक धाराओं पर उत्तेजना भी बढ़ सकती है। राघुराम राजन ने कहा कि भारत को अमेरिकी टैरिफ के व्यापार संकट को अवसर में बदलने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमे अपने टैरिफ को कम करके अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपनी प्रतिस्पर्धा बढ़ानी चाहिए। भारत को अपनी व्यापार रणनीति में बदलाव कर एशियाई बाजारों को अधिक महत्व देना चाहिए। चीन और दक्षिण एशियाई देशों के साथ सशक्त व्यापारिक संबंध बनाना जरूरी होगा। ट्रंप प्रशासन का मुख्य लक्ष्य अमेरिकी उत्पादन को बढ़ाने की है। लेकिन राघुराम राजन का कहना है कि यह लंबी प्रक्रिया होगी और अत्यधिक मुश्किल होगी। अब देखना होगा कि भारत किस दिशा में रुख अपनाता है।



## रुपया गिरावट पर बंद



**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को तीन पैसे की गिरावट के साथ ही 85.33 पर बंद हुआ। इससे पले आज सुबह रुपया शुरुआती कारोबार में 34 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.96 पर पहुंच गया। अमेरिकी शुल्क के प्रभाव के बाद डॉलर में व्यापक कमजोरी से रुपये सहित उभरते बाजारों की मुद्राओं को राहत मिली। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 85.07 पर खुला। फिर बढ़त के साथ 84.96 प्रति डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से 34 पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.30 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.42 फीसदी की गिरावट के साथ 101.64 पर रहा।

### दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए है और डीजल प्रति लीटर 87.62 रुपए

# पेट्रोल और डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



केंद्र सरकार जल्द ही पेट्रोल-डीजल के दाम में राहत दे सकती है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल की कीमत की बात करें तो ये 94.72 रुपए है और डीजल प्रति लीटर 87.62 रुपए है। इसके अलावा मुंबई में प्रति लीटर की कीमत 103.94 रुपए और डीजल प्रति लीटर के दाम 89.97 रुपए है। वहीं कोलकाता में प्रति लीटर पेट्रोल का भाव 103.94 रुपए और डीजल का भाव 90.76 रुपए है। आखिर में चेन्नई में प्रति लीटर पेट्रोल का दाम 100.85 रुपए प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.44 रुपए प्रति लीटर है। इससे पहले 14 मार्च को लोकसभा चुनाव से ठीक पहले पेट्रोल और डीजल के दाम 2 रुपए प्रति लीटर कम हुए थे। जबकि, उससे पहले 22 मई 2022 में सरकार ने एक्साइज ड्यूटी कम की थी, जिसके बाद पेट्रोल 13 रुपए प्रति लीटर और डीजल 16 रुपये प्रति लीटर सस्ता हुआ था। वहीं, पेट्रोलियम मंत्री ने हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि अगर ग्लोबल लेबल पर कच्चे तेल की कीमत अभी की तरह रही तो देश में पेट्रोल और डीजल के दाम में कमी देखने को मिल सकती है।

## न्यूज इन शॉर्ट

### गोन्दइया एनीकट योजना के लिए 12.01 करोड़ रूपए स्वीकृत

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा बिलासपुर जिले के विकासखंड-बिल्हा अंतर्गत गोन्दइया एनीकट योजना के निर्माण कार्य के लिए 12 करोड़ एक लाख 94 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने पर भू-जल संवर्धन, निस्तारी एवं आवागमन की सुविधा के साथ 80 हेक्टेयर खरीफ एवं 55 हेक्टेयर रबी, कुल 135 हेक्टेयर क्षेत्र में सोलर संयंत्र के माध्यम से सिंचाई किया जाना प्रस्तावित है। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से परियोजना के कार्यों को कराने के लिए मुख्य अभियंता हसदेव कछार जल संसाधन विभाग बिलासपुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

### नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने माँ दुर्गा अष्टमी की प्रदेशवासियों को दी बधाई शुभकामनायें

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने चैत्र नवरात्रि दुर्गा अष्टमी पर प्रदेशवासियों को दी बधाई शुभकामनाएं।नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने अपने बधाई संदेश में कहा कि, मां दुर्गा के आशीर्वाद से प्रदेश में सुख समृद्धि, उन्नति हो यही प्रार्थना करता हूं। दुर्गा अष्टमी के दिन मां दुर्गा के महागौरी स्वरुप की आराधना की जाती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान शिव को पाने के लिए कई वर्षों तक मां पार्वती ने कठोर तप किया था, जिससे उनके शरीर का रंग काला हो गया था। जब भगवान शिव उनकी तपस्या से प्रसन्न हुए तो उन्होंने उनको गौर वर्ण का वरदान भी दिया। इससे मां पार्वती महागौरी भी कहलाईं।महाष्टमी या दुर्गा अष्टमी को व्रत करने और मां महागौरी की आराधना करने से व्यक्ति को सुख, सौभाग्य और समृद्धि भी मिलती है। सब पाप भी नष्ट हो जाते हैं।

### सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी

रायपुर। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 13 अप्रैल 2025 (रविवार) को कृषि विभाग अंतर्गत सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। व्यापम द्वारा बेबसाइट में भर्ती परीक्षा का प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थी व्यापम की नई वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक पर क्लिक करके अपने प्रोफाइल लॉगिन कर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थी अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त एसएमएस के यू.आर.एल. को क्लिक कर अपने किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र के सम्बंध में कठिनाई होती है तो हेल्पलाइन नंबर 0771-2972780 एवं मोबाइल नंबर +91-8269801982 पर समय प्रातः 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

### ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा ग्राम पंचायत भवन गुमा में राजयोग अनुभूति शिविर शुरू

रायपुर ।प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा ग्राम पंचायत भवन गुमा में समस्या रहित जीवन जीने की कला-राजयोग अनुभूति शिविर का शुभारम्भ उप सरपंच नितेश साहू, पंच चन्दूलाल साहू, राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी भावना दीदी, गायत्री दीदी और प्रतिभा दीदी ने किया। शिविर का समय रोजाना शाम को ५.३० से ७.०० बजे रखा गया है। शिविर में प्रवेश निःशुल्क है।शिविर मे आत्मानुभूति, परमात्मानुभूति, कर्मों की गहन गति, भारत के उत्थान और पतन की कहानी, राजयोग अनुभूति और समय की पहचान आदि विषयों पर राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी गायत्री दीदी का एक घण्टे का व्याख्यान होता है। शिविर में कोई भी व्यक्ति भाग ले सकता है।इस शिविर में गीता में वर्णित भारत के प्राचीन राजयोग का गहन अभ्यास कराया जाता है जो कि शरीर के अनेक घातक रोगों जैसे हृदयरोग, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, डिप्रेशन आदि के निवारण में बहुत ही लाभदायक सिद्ध हुआ है। सभी योगों में श्रेष्ठ होने के कारण इसे राजयोग कहा जाता है

### मैच पर सट्टा लगाने वाले 4 सटोरिए गिरफ्तार

बिलासपुर। बिलासपुर में IPL क्रिकेट मैच में सट्टा खिलाने वाले चार आरोपियों को गुरुवार की शाम गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके पास से आठ मोबाइल, छऊ टीवी, एक सेटअप बॉक्स, दो हजार 260 रुपये और सट्टा-पट्टी जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। मामला सकरी थाना क्षेत्र का है। दरअसल, गुरुवार को पुलिस को सकरी क्षेत्र के ग्राम हाफा में मोबाइल ऐप से आरसीबी और गुजरात के बीच चल रहे मैच पर ऑनलाइन सट्टे की जानकारी मिली। जिस पर 68.10 रेडक्रॉस चेयरमेन, वाइस चेयरमेन सहित सभी पदाधिकारी निर्विरोध नव-निर्वाचित पुलिस की टीम ने गांव में अलग-अलग जगहों पर दबिश दी।

## छत्तीसगढ़ को मिली 8741 करोड़ रुपए की बड़ी सौगात

# खरसिया-नया रायपुर- परमलकसा रेल परियोजना के रास्ते से नई रफ्तार पकड़ेगा विकास

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति की बैठक में रेलवे की महत्वपूर्ण परियोजना को दी गई मंजूरी



**वियजमत ब्यूरो ,रायपुर ।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने भारतीय रेलवे की चार महत्वपूर्ण मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनकी कुल लागत लगभग 18,658 करोड़ रुपये है। इन परियोजनाओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ सहित महाराष्ट्र और ओडिशा के कुल 15 ज़िलों को जोड़ते हुए रेलवे नेटवर्क में 1247 किलोमीटर की महत्वपूर्ण वृद्धि होगी।छत्तीसगढ़ के लिए विशेष रूप से स्वीकृत ह्यखरसिया-नया रायपुर-परमलकसा 5वीं एवं 6वीं लाइनह्न परियोजना से राज्य के औद्योगिक नक्शे में ऐतिहासिक परिवर्तन की संभावनाएं बनेंगी। यह परियोजना बलौदा बाजार जैसे क्षेत्रों को सीधी रेलवे कनेक्टिविटी प्रदान करेगी, जिससे सीमेंट संयंत्रों, इस्पात इकाइयों और अन्य औद्योगिक निवेश के लिए आधारभूत संरचना तैयार होगी। यह मार्ग कृषि उत्पादों, उर्वरक, कोयला, लौह अयस्क, इस्पात, सीमेंट और चूना पत्थर जैसी सामग्रियों के परिवहन में क्रांतिकारी सुधार लाएगा। इससे माल ढुलाई की लागत घटेगी, संचालन की गति बढ़ेगी और उद्योगों को निर्बाध सप्लाई चेन मिलेगी।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ को मिली यह ऐतिहासिक रेल परियोजना आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में एक ठोस कदम है। खरसिया-नया रायपुर- परमलकसा लाइन से बलौदा बाजार और आस-पास के क्षेत्रों को रेलवे नेटवर्क से जोड़ा जा रहा है, जिससे यहाँ के युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए द्वार खुलेंगे। यह परियोजना छत्तीसगढ़ में नया अध्याय लिखेगी, जिससे न केवल कोयला, सीमेंट और लौह अयस्क जैसे क्षेत्रों में उत्पादन और परिवहन को गति मिलेगी, बल्कि क्षेत्रीय आर्थिक सशक्तिकरण भी सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि हम प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आभारी हैं कि उन्होंने छत्तीसगढ़ की आवश्यकता और क्षमता को पहचान कर रेल परियोजनाओं के माध्यम से राज्य को विकास के फास्ट ट्रैक पर लाने का काम किया है।

उल्लखेनीय है कि खरसिया से परमलकसा तक 5वीं और 6वीं नई रेल लाइन बिछाने के लिए ?8,741 करोड़ की महत्वाकांक्षी परियोजना को स्वीकृति मिल गई है, जिससे छत्तीसगढ़ को लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक गतिविधियों के क्षेत्र में बड़ी बढ़त मिलेगी।

#### मुख्य विशेषताएँ

कुल लंबाईः 278 किमी लंबा रेलमार्ग, 615 किमी ट्रैक की लंबाई

#### स्टेशनों की संख्याः 21

पुल और फ्लाईओवरः 48 बड़े पुल, 349 छोटे पुल, 14 आरओबी, 184 आरयूबी, 5 रेल फ्लाईओवर

ट्रैफिक क्षमताः 21 से 38 मिलियन टन कार्गो, 8 मेल/एक्सप्रेस/सेमी हाई-स्पीड ट्रेनें

ईंधन और पर्यावरण संरक्षणः 22 करोड़ लीटर डीजल की बचत प्रतिवर्ष

113 करोड़ किग्रा उड2 की कटौती झ यह लगभग 4.5 करोड़ पेड़ों के लगाने के बराबर है।

लॉजिस्टिक्स लागत में भारी कमीः सड़क परिवहन की तुलना में प्रतिवर्ष 2,520 करोड़ की बचत

इन ज़िलों को मिलेगा प्रत्यक्ष लाभःरायगढ़, जांजगीर-चांपा, सक्ती, बिलासपुर, बलौदा बाजार, रायपुर, दुर्ग और राजनांदगांव।

#### राज्य की प्रगति का नया युग

इस परियोजना से छत्तीसगढ़ में औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों में तीव्र गति आएगी। यह पहल पर्यावरणीय स्थिरता और ट्रांसपोर्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर को नया आयाम देगी।

## रमेन डेका ऐसे पहले राज्यपाल जो पहुंचे आकांक्षी जिला सुकमा




**वियजमत ब्यूरो ,रायपुर ।**

राज्यपाल रमेन डेका आज अपने एक दिवसीय सुकमा जिले के प्रवास पर रहे। उनके साथ सचिव सीआर प्रसन्ना उपस्थित थे। सर्किट हाउस आगमन पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात उन्होंने नगर पालिका सुकमा में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही से मुलाकात की।

राज्यपालरमेन डेका ने सुकमा जिले के प्रवास के दौरान जिला कलेक्टोरेट परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अपनी दिवंगत मां स्व. श्रीमती चंपावती डेका की स्मृति में रुद्राक्ष का पौधा लगाया। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे हमें ऑक्सीजन, फल, छाया और स्वच्छ वातावरण प्रदान करते हैं। राज्यपाल डेका ने आगे कहा कि जिले में वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए ऑक्सीजन पार्क बनाने की पहल करनी चाहिए। वृक्षारोपण सिर्फ एक पर्यावरणीय जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हमारे भविष्य के लिए आवश्यक भी है। उन्होंने समस्त नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपने घरों, बगीचों, स्कूलों, कॉलेजों, शासकीय कार्यालयों एवं अन्य खाली स्थानों पर पौधे लगाकर उनका संरक्षण करें। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने जिला कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने जिले में जल संचयन, पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण, जैविक कृषि को बढ़ावा, टीबी उन्मूलन, पीएम जनमन व जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। राज्यपाल डेका ने घटते भूजल स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए जल स्तर बढ़ाने विशेष प्रयास करने, जल संचयन के लिए प्रेरित करने तथा रेन वाटर हार्वेस्टिंग अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने की बात की।

## कुदरगढ़ महोत्सव आस्था, भक्ति और परंपरा का अनूठा संगम : मुख्यमंत्री साय



**वियजमत ब्यूरो ,रायपुर ।**

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है कि कुदरगढ़ महोत्सव आस्था, भक्ति और परंपरा का अनूठा संगम है। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए योजनाबद्ध प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य सरकार के प्रस्ताव पर इस अंचल के आस्था के प्रमुख केन्द्र कुदरगढ़ मंदिर धाम को केन्द्र सरकार की ह्लप्रसाद योजनाह्न में शामिल किया है। इससे यहां के विकास के लिए केन्द्र सरकार से मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज सूरजपुर जिले के कुदरगढ़ धाम में चैत्र नवरात्र के अवसर पर आयोजित कुदरगढ़ महोत्सव का समापन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री साय ने कुदरगढ़ धाम में बनने वाले रोपवे का भूमिपूजन किया। यह रोपवे दो वर्ष में बनकर तैयार होगा। इस अवसर पर उन्होंने कुदरगढ़ धाम के विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं की। उन्होंने प्रशासनिक भवन एवं सर्व सुविधायुक्त सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 50-50 लाख तथा गढ़वातियां माता मंदिर में सीढ़ी निर्माण और पेयजल व्यवस्था हेतु 50 लाख सहित कुल 1 करोड़ 50 लाख रुपये के निर्माण कार्यों की घोषणा की। इस दौरान रोपवे निर्माण के लिए अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने धाम में चिकित्सालय निर्माण की भी घोषणा की, जिससे श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके।

## महापौर मीनल ने 15 वें वित्त आयोग के कार्यों की समीक्षा कर सभी कार्य समयसीमा में पूर्ण करने दिए निर्देश




रायपुर। महापौर मीनल चौबे ने 15 वें वित्त आयोग मद के अंतर्गत रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में बी टी, पेवर कार्य, उद्यानों, ड्रेन कव्हर के कार्यो, 2 डी व 3 डी पेंटिंग कार्य के सभी प्रगतिरत कार्यो की जानकारी संबंधित अधिकारियों से प्राप्त कर उसकी विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी प्रगतिरत कार्यो को तेज गति से करवाकर तय समयसीमा के भीतर करने के निर्देश दिए। महापौर ने बैठक में अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों, वार्ड पार्षदों को कार्यो की जानकारी देकर उनसे समन्वय बनाकर 15 वें वित्त आयोग मद में सभी प्रगतिरत विकास कार्यो को सतत मॉनिटरिंग करते हुए पूर्ण करने के निर्देश दिये।

बैठक में प्रभारी अपर आयुक्त श्रीमती कृष्णा खटीक, मुख्य अभियंता यू.के. धलेन्द्र, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा जुनियर, सहायक अभियंता सोहन गुप्ता, उप अभियंता अर्जिता दीवान, नेहा गुप्ता, रमेश पटेल शामिल थे।

## मोदी सरकार ने वक्फ कानून की अनेक खामियों को किया दूर, सरकारी और धार्मिक संपत्ति पर अब नहीं होगा कब्जा - साव

**वक्फ संशोधन बिल के बाद संपत्तियों का होगा सदुपयोग, मुस्लिम बच्चों की शिक्षा और गरीबी होगी दूर**



रायपुर। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने लोकसभा और राज्यसभा में वक्फ संशोधन बिल पास होने पर प्रसन्नता जताई है। इस फैसले को उन्होंने देशवासियों के लिए ऐतिहासिक बताया है। श्री साव ने रायपुर आवास में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी 2014 से रिफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की नीति पर चल रहे हैं। इसी दिशा में वक्फ संशोधन बिल भी महत्वपूर्ण है।

उप-मुख्यमंत्री साव ने कहा कि, रेलवे और सेना के बाद वक्फ के पास सर्वाधिक 9.4 लाख एकड़ जमीन है। इस जमीन का सही तरीके से मैनेजमेंट नहीं हो रहा था। और कुछ चुनिंदा लोग इसका लाभ ले रहे थे। वहीं पिछले दिनों वक्फ को लेकर कई अनियमिताएं समाने आई थी। इसलिए अब संशोधन के बाद वक्फ की संपत्ति पारदर्शी होगी। आम लोगों के लिए उपयोग में आएगी। साव ने कहा कि, वक्फ कानून में अनेक खामियां थी। जैसे आदिवासी की जमीन को भी वक्फ की संपत्ति घोषित कर दी जाती थी। सरकारी संपत्ति और अन्य धर्म समाज की संपत्तियों को वक्फ का बता दिया जाता था। ये सब गड़बड़ इसलिए हो रही थी, क्योंकि कांग्रेस सरकार ने वक्फ बोर्ड का गठन सही तरीके से नहीं किया था। इसमें महिलाओं को कोई स्थान नहीं दिया गया था। लोकसभा चुनाव 2014 के पहले तुष्टिकरण की राजनीति के लिए जल्दबाजी में संशोधन किया गया था। उन्होंने कहा कि, अब मोदी सरकार द्वारा इस बिल में ऐसे अनेक ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण संशोधन किए गए हैं, इससे वक्फ की संपत्ति में पारदर्शिता आएगी। मैनेजमेंट सही तरीके से होगा और उस संपत्ति का सदुपयोग भी होगा। साव ने कांग्रेस और इंडी नेताओं के बयान पर कहा कि, यही लोग धारा 370, 35 ए और सीएए को लेकर झूठ फैलाई थी, इसको लेकर तमाशा खड़ा किया गया था। आज ये लागू हो गया है। किस मुस्लिम की नागरिकता समाप्त हुई। अब वे अपने कथन को सही साबित करके दिखाएं, झूठ बोलकर भ्रम फैलाना विपक्षी दल बंद करें।

**खास-खबर** — **मेयर पर बीजेपी पार्षदों ने कंटेनर से उड़ेला पानी, मेयर बोले- ये मुद्दाविहीन विरोध, मांगें पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी**

# बीरगांव निगम में बजट भाषण के दौरान प्रदर्शन, हंगामे के बीच 149 करोड़ का बजट पेश

**वियजमत ब्यूरो ,रायपुर ।**

रायपुर। पानी की समस्या पर रायपुर के बीरगांव नगर निगम के सभाकक्ष में जमकर बवाल हुआ। काफी हंगामे के बीच 149 करोड़ रुपए का बजट पेश किया गया।

बजट भाषण के दौरान भाजपा पार्षदों ने पानी से भरा कंटेनर महापौर पर ही उड़ेल दिया। ये पार्षद वार्ड में पानी नहीं मिलने पर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे।

सभाकक्ष में ही पानी गिराने के बाद दोनों पक्षों के पार्षदों की तरफ से नारेबाजी हुई।इस घटना के बाद महापौर ने भी आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि भाजपा पार्षद मुद्दाविहीन हो गए हैं, उसी वजह से यह सब कर रहे हैं।

बीरगांव निगम में कांग्रेस के महापौर नंदलाल देवांगन साल 2025-26 का बजट भाषण पढ़ रहे थे। निगम में सभापति समेत सभी दलों के पार्षद मौजूद थे। इस दौरान अचानक भाजपा पार्षद पानी का कंटेनर लेकर महापौर के सामने पहुंच गए। उन्होंने महापौर के खिलाफ नारेबाजी करनी शुरू कर दी। फिर पानी के कंटेनर को खोलकर महापौर पर पलट दिया।



#### ये मुद्दाविहीन और अमर्यादित विरोधः महापौर

इस हरकत को मेयर नंदलाल देवांगन ने अमर्यादित बताया है। उन्होंने कहा कि, बीजेपी पार्षदों के पानी डालने से बजट भाषण प्रभावित हुआ। इनके ऊपर कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही मेयर ने कहा कि, बीरगांव निगम क्षेत्र के 80 से 90 फीसदी इलाकों में घरों में पानी पहुंचाने वाली योजनाएं पूरी हो चुकी है। कुछ अंदरूनी क्षेत्रों में पानी नहीं पहुंचा है जिसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

#### फाइलें और कपड़े भीगेः

पानी से महापौर के बजट भाषण की फाइलें और मेयर के कपड़े भीग गए। इसके बाद महापौर भी उठकर खड़े हो गए। इस दौरान भाजपा पार्षद जनता को पानी दो और महापौर मुदार्बाद के नारे लगाने लगे। इस प्रदर्शन का कांग्रेस के महापौर समेत अन्य पार्षदों ने विरोध किया। सदन के भीतर काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही।

#### घरों में पानी नहीं होने से जनता परेशान

इस प्रदर्शन को लेकर भाजपा पार्षदों का कहना है कि बीरगांव नगर निगम के कई वार्डों में लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है। इस भीषण गर्मी में जनता को तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है।जनता इसे लेकर लंबे समय से मांग कर रही है, लेकिन महापौर उनकी मांगों को पूरा नहीं कर रहे हैं। इस वजह से पानी के कंटेनर को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। मांगें पूरी नहीं हुई तो आगे और उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

#### 149 करोड़ का बजट पेश

हंगामे के बीच बीरगांव महापौर नंदलाल देवांगन ने 149 करोड़ का बजट पेश किया। इसमें अलग-अलग योजनाओं के लिए राशि मंजूर की गई है।

- जल आवर्धन योजना के लिए 10 करोड़ रुपए
- स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के लिए 20 करोड़ रुपए
- सिटी डेवलपमेंट प्लान के तहत नगर उत्थान योजना में 30 करोड़ का प्रावधान
- इसके अलावा निगम क्षेत्र के तालाबों के कायाकल्प के लिए भी राशि मंजूर की गई।
- निगम क्षेत्र के 6 गांव में मांस मछली के लिए अलग से बाजार का निर्माण करने का प्रस्ताव पास


स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा आशमां पब्लिशर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जय स्तम्भ चौक, रायपुर (छग) से मुद्रित एवं डी-17, सेक्टर-1 गोंदवारा रोड, एकता नगर, गुढियारी, रायपुर (छग) से प्रकाशित। संपादक- सीता शुक्ला। प्रधान संपादक- विजय शुक्ला*।
आर.एन.आई. पंजीयन नं. CHHHIN/2017/75508 (*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार)। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र रायपुर (छग) होगा। मो.-8889977997